अब लमही गाँव में राम कैलाश की उम्र का, या उन से वयोवृद्ध ऐसा कोई भी बुजुर्ग जीवित नहीं है जो उनके बचपन के बारे में या उस समय के गाँव के बारे में कुछ बता सके। मेरा मानना है कि राम कैलाश जी अपने बारे में, गाँव के बारे में जो कुछ बताते हैं उससे अधिक प्रामाणिक और कुछ हो ही नहीं सकता। जो कि वह बड़ी सहजता से बिना किसी लाग-लपेट या नोन-मिर्च के जो कुछ भी उन्हें याद है, जो कुछ भी उन्हें मालूम है जैसे का तैसा बयान कर देते हैं।

पारिवारिक पृष्ठ भूमि बचपन और शिक्षा-दीक्षा के बारे में पूछते पर वह बताते हैं, ''हमार घर बड़ा गरीब रहा। हमरे बाबू, रघुवीर यादव ओनकर नाम रहा के गदेली-गदला (लड़के-लड़कियाँ) तउ कइयउ भये (संख्या वह नहीं बता पाते) लेकिन जिये हम तीनि परानी - दुइ भाई अउ एक बहिनि। खेती-बारी कुछु खास रही नहीं। दुइ तीनि ठे जनावर जेह में एक भूरी भँइसि रही, कै सहारे लस्टम-पस्टम (जैसे-तैसे) गिरस्ती चलत रही। घरे में हमेसा खाय-पियइ की कमी रही। लेकिन हमरे बाबू क मिजाज अइसन रहा कि घरे खाय के न होइ तउ भूखे सोइ जाइ बाकी केहू सेकुछु कहइ न। हमहूँ पचन का आदति कुछ अइसन परि गइ रही कि केहू के आगे हाथ नहीं पसारा। पढ़ाई-लिखाई के बारे में पुछब्य तउ तोहसे बतावथई कि जब हम कुछु समझइ वाले भये तउ हमार बाबू कहेनि कि जा इस्कूलै पढ़इ। गाँव के लगवैं (पास ही) एक पाठशाला रही, ओह में पंडित जी पढ़ावत रहें।''

कहते कहते राम कैलाश चुप होकर स्मृतियों में खो जाते हैं। मैंने उन्हें टोका 'हाँ तो आपका स्कूल में पहले दिन कैसा रहा, आपको कुछ याद है?'

राम कैलाश के होठों पर विद्रूय की रेखा खिंची हंसकर बोले, 'ओके हम कइसे भूल सकीथ भैया, उहउ तउ हमार स्कूल का पहिलि अउर आखिरी दिन रहा।'

'वह कैसे?' मैंने पूछा।

'इस्कूलै हम गये तउ, मुला न तखती न बोरिका, बइढे सबसे आगे। मास्टर साहेब हमइ बहुत मारेनि अउ इस्कूल से भगाय दिहेनि। वह दिना से हम कसम खाय लिहा कि अब इस्कूलै न जाब। गोसैया जानथ, वह दिना से हम इस्कूल क मोहँ (मुँह) नाही देखा पढ़ाई - लिखाई के का कही।'

मैंने पूछा, 'तो फिर अक्षर ज्ञान और पढ़ना कैसे आया?'' राम कैलाश का संक्षिप्त उत्तर-'बइढिके 'भुइयाँ' (जमीन) पर क, ख, ग, घ खंचाई। यही तना से बारह खड़ी 'अ' से अमरुद, ब बकरी लिखइ

सीखा। फिर धीरे-धीरे आखर जोरि के रमायन अउर हनुमान चालीस बाँचइ लागे।'

मैंने पूछा, 'इसके अलावा भी कुछ पढ़ा?'

राम कैलाश लजा गये, किस्सा-तोता मैना अउ सारंगा-सदाबिरज की किताबै मिलि गइ रही। ओन्हइ हम आखर जोरि जोरि के कइयु दाई बॉचा।

'कुछ याद हो तो सुनाइये।' मैंने आग्रह किया।

राम कैलाश मुस्कराये, बोले, 'सारंगा-सदा-बिरज के एक दोहा हमें बहुत नगद लागत रहा - 'सोती हो तो जाग पड़, जगती हो तो बोल प्रानप्रिया पंकज-मुखी-चन्दन केंवरिया खोल -' और उसी के रस डूब गये। दो क्षण बाद जैसे तन्द्रा से जागकर बोले 'बस एतनइ पढ़ि पाये हम।'

उनकी बात सुनकर नियति जरुर मुस्करायी होगी क्योंकि यही राम कैलाश अपने रचे बिरहों में कभी-कभी इतनी ऊँची बातें कह जाते हैं कि अच्छे-अच्छे 'पढ़े-लिखों' की समझ के परे होती हैं।

अपनी संगीत-शिक्षा के बारे में राम कैलाश बताते हैं, गाना सुनइ क सउख (शौक) हमें छः सात बरिस की उमिरियइ में लगि गइ रही। जब खेते-सिवाने या टोला मोहल्ला में मेहररुवे (औरतें) गावइँतौ हम उहीं चला जाई। ओनकर गाना खूब सुनी अउ फिरि कतउ एकान्त में बइठिके उनहीं की नाई (तरह) गावइ की कोसिस करीं। हमार माई ई जानत रही अइ् जब छिपि के सुनइ बड़ी खुस होत रहीं। एक दिन हम अकेल कोने में बइढा गावित रहे। एक जनी सुनि लिहेनि। टोला-परोस अउ गोंव-गिरावँ में हल्ला होइग कि फलनियाँ के गदेल बहुत 'नगद' गावत रहा। अब तोहसे का बताई, जब मेहररुवै हमैं पकरि पावइँ, हमैं फुसिलाइ के खूब गवावइँ अडर मजा लेइँ। धीरे-धीरे हमैं गाना सुनै अउ सुनावइ में मजा मिलइ लाग। अइसन करत करत हमैं गाना आवइ लगा। हमरे बाबू का हमार गाना एकउ आंखी नाही भावत रहा लेकिन हमार माई हमसे बहुत खुस रहै। कतउँ चली, त लुकाइ-छिपाइ के हमै दुयि पइसा दइदेयि कहैं, 'भूख

लागइ त कुछु खाई लिहे। शुरुआत में हमारे गाने की सिच्छा अइसन भइ।'

बिरहा गाने की शिक्षा कब कहाँ और किससे प्राप्त हुई, पूछने पर राम कैलाश ने बताया, 'हमार कक्का बिरहा गावत रहे। बिरहा का होत है हम ओनही ही से जाना। लेकिन ओ सिरिफ खड़ी बिरहा (दोही की तरह ओनही केवल नगाड़े पर गाया जाने वाला बत्तीस मात्राओं का एक छंद विशेष) गावित रहें। ओही दिनन में मऊ क चलन ज्यादा रहा। तउ बिरहा गावै के हमार पहिल गुरु त हमार कक्का भयें न ?

हम बिरहा गावइ लागे तउ एक दिना हमार बाबू बहुत बिगरे, 'ई ससुर क नाती बिरहा गावत एहर-ओहर घूमथे। एके लगे कउनौ काम नाही बा। काल्हि से ई भूरी भँइसि चराये।'

दूसरे दिन से हम भूरी भँइसि चरावइ लागे। भँइसि चरत रहै तउ हम कउनउ पेड़ के नीचे बइठि के मजे से बिरहा टेरी। जब कबउ सिकाइति मिलै तउ डाँट-मार खाय लेई लेकिन बिरहा गाउब हम नाही छोड़ा। खड़ी बिरहा तउ हम मजे में गावइ लागे लेकिन बड़ी दौड़ (छन्द) का बिरहा सीखै की हमार लालसा बनी रही।

हमरी बिरादरी में वह जमाना में, बड़ी छन्द वाला बिरहा बनावइ गावइ में गुरु राम हित के बड़ा नाम रहा। लोगन से ओनकर नाम सुनि के हमरिउ इच्छा हेरत हम ओनके दुआरे पहुँच गये। उहाँ पहुँचि के पता चला कि गुरु राम हित तउ दुइ-तीन बरिस पहिलेन 'रामजी' के घरे' चला गये। हमैं गुरु तउ नाहीं मिलें, उनके रचे चार छःठे बिरहा जरुर मिलि गयें। हम ओन्हैं गढियावा, गुरु के दुआरे क माटी माथे पर लगावा अउ ओनहीं के गुरु मानि के बड़ी छन्द वाला बिरहा गावइ लागे। जमुना पार के रेडियो स्टेसन में जब आप हमैं लयि गये, तब हम उनहीं के रचे बिरहा गवित रहे।'

'अच्छा सुर और ताल का ज्ञान आपने कहां पाया?' मेरा अगला प्रश्न था।

'सुर अउ ताल तउ ए साहेब, हमैं गोसइयाँ दिहेसि। बाकी ओके साधइ बदे हम ई लोहे की करतारु

वनवा' राम कैलाश ने बगव में रक्खी लोहे की करताल का जोड़ा उढाया, एक टनकार की और उसके स्वर को थोड़ी देर गूँजने दिया, फिर झनकार के उसी स्वर को पकड़ कर गुनगुनाना शुरु किया' कान्हा कूदि गइले जमुना जल, गंभीर, नीर में धीरे-धीरे ललना' साथ में 'टन्नक टन्नक' करतारु की थाप, कहरवा ताल की सटीक लय! मैं आवाक् रह गया।

राम कैलाश न सिर्फ अच्छे लोक-गायक हैं बल्कि एक संवेदनशील लोक कवि भी। पुराण, इतिहास, ऋतुएँ, वियोग श्रृंगार आदि में ही ऐसा कोई भी विषय जो ग्रामीण जीवन से संबंध रखता है, ऐसा नहीं है जिस पर राम कैलाश ने बिरहा न लिखा है। यहाँ तक कि अब बिरहा गायन में वह आशु कविता भी करने लगे हैं। गाते समय, आवश्यकता पड़ने पर वह तुरन्त ही वह आशु कविता का प्रयोग करते हैं।

गुरु के विषय में पूछे जाने पर राम कैलाश अत्यंत भावुक हो जाते हैं। आँखों में आँसू भर आते, गरु रुँध जाता है, पहलि गुरु तउ हमार ऊ मेहररुअन भई जिनके गीतन से हम गुनगुनाब सिखा, दूसर गुरु भयें हमार कक्का, जिनसे हम ई जाना कि बिरहा होथै, तीसर भयें गुरु रामहित, जिनके अखाड़ा की छाप हमें, मिली अउ जिनके रचे बिरहा गाइ के ओनही के अंसीरबाद से हम 'बिरहिया' बने। हम ओन्हें देखा नाहीं, न ओन्हें सुना तबउ एकलव्य की नाहीं, ओनही क ध्यान काई के हम बिरहा गाउब सुरु किहा। लेकिन बादि में जब हम 'जमुनापार' गये तउ उहाँ हमइ 'मतई' भइया मिले। ओ हमैं बाँह पकरि के हमेसा डगरा बतावत गये, जब तक कबउ बिरहा रचइ में, गावइ कतउँ अटकवाही भइ, हमइ सिखावत गयें, लिखि लिखि के आयन गाना हमें दिहेनि, अउर हमैं बिरहा लिखब सिखायेनि। आजु हम जवन मोकाम पर खड़ा हुई, उहाँ तक पहुँचै में परग परग पर ओ हमार साथ दिहेनि। ओन्हैं बदे आय गुरु, बड़ा भाई, सखा जवन चाहैं आय लिखि लेयँ। हमार तउ उहइ हाल बा -

गुरु गोविन्द दूनौं खडे, काके लगौं पाँय

(12)

बलिहारी गुरु आपकी, जिन गोविन्द दिया बताय।"

मैंने इस प्रश्न को यहीं छोड़ दिया। जिन्हें इस प्रश्न का विस्तृत उत्तर चाहिए वे राम कैलाश से स्वयं पूछ लें।

लमही से उठकर तुलसी-सम्मान तक पहुँचने की राम कैलाश की यात्रा कथा और भी अधिक रोचक है।

बात सन् 1951-52 की है। आकाशवाणी के इलाहाबाद केन्द्र की स्थापना यह दूसरा वर्ष था। नाटक, शास्त्रीय संगीत, वार्ता आदि के साथ ही यहाँ से ग्रामीणों के लिये चौपाल कार्यक्रम सुचारू रूप से चलने लगे थे। किन्तु उनमें लोक-संगीत की भूमि का नगण्य थी। नया केन्द्र होने के कारण केन्द्र अभी तक ग्रामीण अंचलों मे पहुँच नहीं पाया था। शहरों में उस समय तक लोकगीतों का प्रचार केवल निम्न वर्ग और निम्न मध्यम वर्ग तक ही सीमित था, वही तीज-त्यौहार और शादी-व्याह अथवा पुत्र जन्मोत्सवों तक ही उसकी पहुँच थी। आकाशवाणी इलाहाबाद अभी उन तक ही नहीं पहुँच पाया था, फिर गाँवों की कौन कहे। उस समय तक गाँवों में रेडियो सेट भी सबके लिए सुलभ नहीं था। इलाहाबाद केन्द्र पर उस समय लोकसंगीत के चार छः कलाकार ही थे, जो कभी कभार आकर केन्द्र पर गा जाते थे, सबके सब शहर से संबंधित और शहर में ही रहने वाले।

ऐसे समय में जमुना पार, नैनी क्षेत्र में, कृषि महाविद्यालय के अंतर्गत अमेरिकन मिशनरी संस्था 'फोर्ड फाउण्डेशन' की सहायता से एक एक्सटेंशन प्रॉजेक्ट की शुरुआत हुई। कृषि-अभियान्त्रिकी की उन्नत कृषि समग्र ग्रामीण विकास के लिए प्रशिक्षण देने की यह योजना भारत-सरकार की स्वीकृति से शुरु की गई थी। इस योजना के अतंर्गत एक ग्रामीण प्रसारण का भी प्रावधान था, जिसके द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में ही तैयार किया पन्द्रह मिनट का कार्यक्रम प्रतिदिन आकाशवाणी इलाहाबाद केन्द्र से प्रसारित होना था। उस

समय तक 'प्राइवेट ट्रांसमिशन' की सुविधा नहीं थी (जो आज भी नहीं है) और आकाशवाणी केवल अपने कार्यक्रम ही प्रसारित करता था। प्रॉजेक्ट के आइरिश सलाहकार मिस्टर इवलिन वुड ने पंडित जवाहर लाल नेहरु से मिलकर इस कार्यक्रम आकाशवाणी इलाहाबाद से प्रसारित करने की अनुमति प्राप्त की थी। यह कार्यक्रम 'जमुना पार' नाम से आकाशवाणी इलाहाबाद के ग्रामीण कार्यक्रम 'चौपाल' के तुरंत बाद शाम सवा सात बजे प्रसारित किया जाता था।

इस कार्यक्रम की विशेषता यह थी कि यह ग्रामीण परिवेश में ग्रामीण की ही भागीदारी में, ग्रामीणों के लिए ही तैयार किया जाता है। इसके लिये प्रोजेक्ट की ओर से विज्ञापित किया गया कि इस कार्यक्रम के लिए ऐसे कर्मचारी उन्हें चाहिए जिन्हें ग्रामीण जीवन से लगाव हो उसकी समझ हो, और ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रम तैयार कर सकें। 'जमुनापार' के इस ग्रामीण प्रसारण के लिए जो लोग चुने गये, उनमें से सौभाग्य से एक मैं भी था। मुझे यूनिट के प्रसारण में, लोकनाट्य और लोक संगीत के कार्यक्रम तैयार करने का दायित्व सौंपा गया।

जमुना पार की इतनी कथा देने का कारण है। हरि प्रसाद चौरसिया (प्रसिद्ध बाँसुरी वादक) और राम कैलाश दोनों को ही यात्राओं का पहला पड़ाव यही जमुनापार कार्यक्रम रहा। दोनों संगीत की अलग-अलग राहों में चल पड़े। एक को देश प्रसिद्ध बाँसुरी वादक बनना था तो दूसरे को देश प्रसिद्ध बिरहा गायक। यही से दोनों ही अपनी-अपनी मंजिल की ओर चले। अस्तु,

राम कैलाश की खोज इसी जमुनापार यूनिट ने एक छोटे-से बिरहा दंगल में की, जिसमें राम कैलाश गा रहे थे। कोई वीर रस का प्रसंग चल रहा था। अठारह-बीस बरस का यह अल्हड-अलमस्त गवैया अपने सुर की मिठास आवाज को कशिश और हाव-भाव के तेवरों के कारण यूनिट वालों को भा गया। उस दिन पता ढिकाना पूछकर वापस हुए और दूसरे अथवा तीसरे दिन जमुनापार की गाड़ी उसके गाँव जा पहुँची।

यहाँ यह बात ध्यान में रखनी है कि वह समय था जब पहली पंचवर्षीय योजना का सूत्रपात नहीं हुआ था। देश में आजादी आई, यह तो सुत्र था, गाँवों में खुशियों भी मनाई गयी थी, लेकिन तब तक आजादी उनके द्वार पर नहीं पहुंची थी। उस समय तक बहुत से गांवों में जब शहर से कोई गाड़ी आती, उस पर से 'साहब लोग' उतरते तो लोग बाग शंकित हो जाते थे।

चेचक का टीका लगाने वाले अथवा मलेरिया उन्मूलन के लिए रक्त की जाँच करने वालों का जब गाँव में आगमन होता तो लोग अक्सर गाँव छोड़कर भाग जाते थे और तरह की अफवाहों का बाजार गर्म हो जाता। यहां तक कि खेतों में रासायनिक डालने की सलाह देने जब सरकारी कर्मचारी पहुँचते तो लोग उनसे मिलने से गुरेज करते। ऐसे वातावारण में मोटर-गाड़ी लेकर 'साहब लोग' किसी गाँव में पहुँचे, वह भी गाँव के एक नये बिरहा गायक के लिये उस समय कौतूहल का विषय था। लोगों को विश्वास नहीं हुआ, जब हमने अपना मंतव्य बताया।

प्रॉजेक्ट के अतंर्गत पार के 400 गॉवों में प्रधानों के घर पर एक-एक रिसीविंज सेट लगा था जिससे जमुनापार के लोग यह कार्यक्रम सुनते थे और इस नये ढंग के कार्यक्रम से प्रभावित भी थे। मैं उस कार्यक्रम में 'मतई' के नाम से मशहूर था और जमुनापार के लोग मेरी आवाज से भली-भांति परिचित हो चुके थे। भीड़ में से एक दो लोगों ने गवाही दी, 'हॉ हो हम नैनी में परधान के घरे सुना है ई मतई हमे' जब कहीं जाकर लोगों को विश्वास हुआ। राम कैलाश इस कार्यक्रम से बिल्कुल अपरिचित थे क्योंकि वह गंगापार के रहने वाले थे और गांवों में उस समय रेडियो इक्का दुक्का ही बड़े घरों में पहुँच पाया था - वह भी बैटरी से चलने वाला।

बहरहाल, बहुत समझाने बुझाने के बाद गंगापार के राम कैलाश जमुनापार के स्टूडियो पहुँचे। गाँवों की क्या कहें उस समय तक शहर इलाहाबाद में भी लोग लाउड़ स्पीकर और माइक के बारे में नहीं जानते

थे। खुले मंच पर, घूम घूम कर पूरी आवाज में गाने वाले राम कैलाश के सामने जब पहली बार माइक आया तो उठ खड़े हुए। पूछा 'ई का है?' बताया गया इसको माइक्रोफोन कहते है, इसी के जरिये आवाज फीते में भरी जाती है। बड़ी कशमकश के बाद राम कैलाश टेस्ट रिकार्डिंग के लिए तैयार हुए वह बी आधे-अधूरे मन से। वह जानना चाहते थे कि आखिर उनकी आवाज इस फीते में कैसे चिपक जाती है।

जब 'रिकार्डिंग उनको सुनाई गई तो उन्हें बड़ा आश्चर्य हुआ। फिर तपाक से बोले, 'हम एह से अच्छा गाय सकी थ।' हमने कहा, 'यह भी तुमने ही गाया है लेकिन जरा डरते डरते।' विश्वास के साथ जितना बढ़िया गाओगे उतनी ही अच्छी रेकार्डिंग होगी।' नवयुवक राम कैलाश अधिक पढ़े लिखे नहीं थे लेकिन आवश्यकता के अनुरूप अपने को ढाल लेने की अद्‌भुत शक्ति थी उनमें। माइक्रोफोन के सामने कैसे गाना चाहिए, करताल माइक्रोफोन से कितनी दूरी पर रख बजाना चाहिए आदि तकनीकी बातें वह दो-तीन पूर्वाभ्यासों में समझ गये थे। उनकी पहली रेकाडिंग ही इतनी अच्छी हुई कि सब आश्चर्य चकित हो गये। जिस कार्यक्रम में उनका पहला बिरहा जी महामोद मन भरि के वन्दना मातु-पिता की करि के, 'ध्रुव प्रसारित हुआ, श्रोताओं में उनकी धूम मच गई। शहर की इक्का-दुक्का पान की दुकानों में लगे रेडियो सेटों पर जब राम कैलाश का स्वर गूँजा, तो लोग ठिठक कर सुनने लगे। इसके बाद फिर राम कैलाश ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। दिन पर दिन उनके गायन में निखार आता गया।

'जमुनापार' में राम कैलाश को रेडियो के स्टूडियो के 'बंधन' से मुक्त खुला आकाश मिला। सड़कों की ट्रैफिक के शोर शुरु से हटकर गाँवों की अमराइयों में चौपालों में श्रोताओं के सामने, खुलकर गाने का अवसर मिला और मिला 'जमुनापार' यूनिट का अनौपचारिक सहज व्यवहार जिससे उनकी गायकी को उत्साह।

'जमुनापार' के कलाकार के रूप में राम कैलाश ने केवल अपना उत्कर्ष पाया अपितु क्षेत्र के ग्रामीण

(16)

अंचलों में छिपे अन्य प्रतिभाशाली लोग गायकों को भी प्रेरित किया। साल बीतते न बीतते जमुनापार के प्रसारण को ग्रामीण और शहरी दोनों प्रकार के श्रोताओं अपूर्व मान्यता मिली।

ग्रामीण प्रसारण सेवा 'जमुनापार' को 'फोर्ड फाउण्डेरान' से तीन वर्ष की अवधि मिली थी किन्तु यह लगभग चार वर्ष चली। सन् 1955 में यह प्रसारण सेवा समाप्त कर दी गई।य यूनिट टूटी तो उसके कर्मचारी इधर-उधर बिखर गये। राम कैलाश समेत जितने भी कलाकार 'जमुनापार' प्रसारण-सेवा के लिये गाते थे उनमें से अधिकांश आकाशवाणी इलाहाबाद के ग्रामीण कार्यक्रम में आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करके, पंजीकृत हो गए। मुझे भी ऑफर मिला और मैने भी आकाशवाणी इलाहाबाद के ग्रामीण कार्यक्रम में 'मतई' की पहचान के साथ प्रवेश किया।

जमुनापार की यूनिट के भंग होने के दो लाभ हुए। एक लोकगायकों को श्रोताओं का अपेक्षाकृत बड़ा क्षेत्र मिला जबकि 'जमुनापार' के पास तो केवल चार सौ गाँवों के श्रोता थे किन्तु आकाशवाणी इलाहाबाद छोटा केन्द्र होने के बावजूद उस समय लखनऊ और पटना केन्द्रों से जुड़कर बहुत दूर तक सुना जाता था। खुद इलाहाबाद केन्द्र के पास उत्तर प्रदेश के बारह जिले यथा - इलाहाबाद, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, मिर्जापुर, बलिया, गाजीपुर, आजमगढ़, जौनपुर, फतेहपुर, बाँदा और हमीरपुर तथा तत्कालीन विंध्य प्रदेश का 'बघेली' और बुन्देलखंडी का विशाल क्षेत्र था। आकाशवाणी केन्द्र से जुड़ने के बाद राम कैलाश जहाँ पहले अकेले गाते थे, अब उन्होंने अपनी पार्टी बनी ली थी। उनकी पार्टी के अन्य सदस्य भी अच्छा गाते थे और बढ़िया संगत करते थे। थोड़े ही दिनों में राम कैलाश इस विशाल क्षेत्र के श्रोताओं पर छा गये। ऐसे समय में छेदी लाल कजली वाला (इलाहाबाद), हैदरअली और साथी, अमृत लाल साहेब और साथी (इलाहाबाद), मोहम्मद खलील और साथी (बलिया, गाजीपुर और बाद में इलाहाबाद), जय श्री साथी (बलिया), हीरा लाल यादव और साथी (वाराणसी), वासुदेव मिश्र और साथी (सुल्तानपुर), सनाउल्ला खा

और साथी, मुन्नी लाल शर्मा और साथी तथा मैनादेवी और सखियां (मिर्जापुर) तथा अन्य अनेक लोक गायकों की पार्टियाँ रेडियो इलाहाबाद से जुड़ी। सभी अपने-अपने भाषा क्षेत्र के नामी गरामी लोक गायक। इनसे राम कैलाश को कठिन चुनौती मिली लेकिन सुरीली खनकदार आवाज चित्त को लुभा लेने वाली भावभंगिमा और सबसे अधिक अदम्य उत्साह के बल पर वह किसी से भी उन्नीस नही, इक्कीस ही सिद्ध हुए।

आम तौर पर लोकप्रियता की कुछ सीढ़ियाँ चढ़ लेने के बाद लोक कलाकार में एक अहं भाव आ जाता है और वह अपनी त्रुटियों को नजर अन्दाज करके ढिठाई पर उतर आता है जो बाद में उसके पतन और लोकप्रियता में कमी का कारण बनता है। राम कैलाश ने अहं क इस रोग का कभी अपने पास फटकने तक नहीं दिया। अपनी कमजोरी को सिर-माथे लेकर उन्होंने हमेशा सही आदमी से सही सलाह ली, उस पर पूरी तरह से अमल करके उस कमजोरी को ही अपना संवल बना लिया। जब जब ऐसे मौके आये राम कैलाश ने, जिस किसी को भी उन्होंने परामर्श के योग्य समझा उसके सामने बड़े ही विनम्र भाव से सलाह माँगी और बिना किसी दुराग्रह के उसका पालन किया।

इस गुण का, उन्हें सफलता के शिखर पर पहुँचाने में बड़ा हाथ है।

राम कैलाश गाँव के उन्मुक्त वातावरण में खेतों और सिवानों में, गले में भगवान की दी हुई मिठास के बलबूते बिना किसी साज-बाज के, हृदय की धड़कन की लय पर गाने वाले नैसर्गिक लोकगायक थे। लोहे की करताल से निकली झनकार और लय बद्ध ठन ठन ही उनके साज थे। तकनीकी संगीत से, जिसे शास्त्रीय संगीत के नाम जानते हैं, उनका कोई वास्ता नही रहा, न इसकी जरुरत ही पड़ी। लेकिन' रेडियो पर गाने के लिए उन्हें शास्त्रीय संगीत के साथ संगत करने वाले कलाकारों से पाला पड़ा। यह समस्या हर उस व्यक्ति के साथ आती है जिसने विधिवत् संगीत न सीखा हो और न गाता हो। पहली बार 'जमुना पार'

के कार्यक्रम में भी राम कैलाश के सामने यह समस्या और आई थी! वहाँ के सारंगी-वादक उस्ताद महफूज खाँ ने सारंगी छेड़ी और राम कैलाश गलत स्वर में उठे।

उस्ताद महफूज खाँ को अनगढ़ कलाकारों का अनुभव था। जब राम कैलाश ने बड़ी आजिजी से उनसे कहा, 'उस्ताद हमरे गावय के पहिलेहेन तू सारंगी बजाई दे थे। एह हे हम 'गड़बड़ाय, जाइथ। अइसन कर, जब हम गाना शुरु कयि देई तब तू सारंगी हमरे सुर से मिलाइ ल्य।'

बात बड़े अट पटे ढंग से कही गई थी। उस्ताद जी फौरन 'मर्म' को समझ गये, बोले अच्छा आइये आप ही गाइये। राम कैलाश ने टेरी भरी उस्ताद जी ने उँगलियों से टटोल कर उनका सुर पकड़ा और बजाने लगे। बालक हरि प्रसाद चौरसिया बाँसुरी पर संगत कर रहे थे। उन्होंने भी बाँसुरी अदल-बदल कर राम कैलाश के सुर में सुर मिला दिया। बड़ी अच्छी रेकार्डिंग हुई। वह गाना बहुत सराहा गया और राम कैलाश की प्रसन्नता का तो कोई ढिकाना नहीं रहा।

आकाशवाणी के इलाहाबाद केन्द्र पर माहौल 'सरकारी' था। साधारण लोगों को खास कर ग्रामीणों को 'बराबरी' का दर्जा देना अब तक साहब लोगों को नहीं आया था। न केन्द्र पर कोई लोक गया था और न उसके बजाने वाले। सच तो यह है कि उस समय तक लोक गीतों के कलाकार ही गिने चुने थे। अस्तु केन्द्र पर उस समय जितने भी कलाकार थे वह शास्त्रीय संगीत और सुगम संगीत के लिए रक्खे गये थे। सभी के अपने तेवर थे। लोक गायकों के साथ संगत करने से कतराने वाले।

हारमोनियम उस जमाने में आकाशवाणी में 'एलाउड' नहीं था, इसलिए राम कैलाश का पहला साबिका केन्द्र के तीन सारंगी वादकों में से एक उस्ताद अजीज खाँ साहब से पड़ा। अजीज खाँ साहब लखनऊ से ट्रांसफर होकर इलाहाबाद आये थे। बेगम अख्तर, उस्ताद फैयाज खाँ और गौहर सुल्तान, सरीखे दिग्गज शास्त्रीय और उपशास्त्रीय संगीत के बड़े कलाकारों के साथ संगीत कर चुके थे। बात पड़ने

पर उनकी दुहाई देना कभी न भूलते। जब पता चला कि बिरहा गायक के साथ संगत करनी है तो बड़े मायूस हुए। लेकिन नौकरी थी, और साहब का आर्डर था, बजाना मजबूरी थी। 'पहले काले' में सारंगी मिलाये बैठे थे। राम कैलाश मुश्किल से बैठ ही पाये थे कि खां साहब ने सारंगी छेड़ दी बोले, 'गाइए।'

राम कैलाश ने सुर उठाया। उनकी सारंगी के सुर से कहीं ऊपर। उस्ताद सकते में आ गये। उनकी जिन्दगी में शायद ही कभी ऐसा अवसर आया हो कि किसी गवैये ने उनके सुर से ऊपर या नीचे, सुर लगाया हो। झल्लाकर बोले, 'आप कहाँ है मियाँ?'

अब राम कैलाश के आश्चर्य चकित होने की बारी थी। खुद सामने बैठा हुआ आदमी पूछ रहा था, आप कहाँ है?''

गुस्सा तो आया, पर उसे दबाकर जवाब दिया, 'आप के सामने न तउ बइठा हइ।'

उस्ताद संगीत की भाषा बोल रहे थे राम कैलाश अपनी, आखिर उस्ताद अजीज खाँ ने स्पष्ट किया 'मैंने आपको कौन-सा सुर दिया था, आप किस सुर से उठे?'

राम कैलाश ने तपाक से उत्तर दिया, 'आप आपन सुर दिहिन, हमत अपनने सुर से गाइ पाइथ। हमार सुरद।'

'दरसल उस्ताद जी ने 'पहले काले' का स्वर छेड़ा था, और राम कैलाश के कंठ में उसका मध्यम रचा-बसा था, अपनी-अपनी जगह दोनों सही थे।

मैं बीच में आया। उस्ताद से आग्रह किया, 'आप पहले काले का 'मध्यम' छेड़िये से सही सुर से उठेंगे।

उस्ताद अजीज खां को यह गवारा नहीं था बोले - 'मगर सारंगी तो पहले काले में मिली है। तीसरे काले का 'सुर बना' कर बजाने में बड़ी दिक्कत होगी।'

(20)

निदान केन्द्र के दूसरे सारंगी वादक उस्ताद नजीर अहमद को बुलाया गया। नजीर अहमद, महफूज खाँ साहब को मानते थे, बड़े लचीले और 'मधुर स्वभाव' के। उनको राम कैलाश के साथ संगत करने में कोई दिक्कत नहीं हुई। न ही कोई दिक्कत भोलानाथ प्रसन्ना को उनके साथ बांसुरी बजाने में हुई। राम कैलाश ने गाया और खूब गाया।

भगवान ने राम कैलाश के गाने में जो नैसर्गिक स्वर दिया है - उससे वह कभी टस से मस नहीं होते - भले ही वह उस स्वर का नाम न जानते हों। उन्हें कठिनाई तब होती है, जब बजाने वाले उनके 'हिसाब' से बजाने के बजाय उन्हें अपने 'हिसाब' से गाने पर मजबूर करते हैं।

बाद में आकाशवाणी से लोक गायकों के लिए हारमोनियम की बंदिश उठा ली गई। राम कैलाश को अपनी पार्टी में भागीरथी जैसा ड्योढ़ीदार (सह गायक) और 'हरमुनिया-मास्टर' मिल गया। फिर तो उन्हें कभी-भी सुर के संबंधित दिक्कत नहीं हुई।

सन् 1960 आते-आते आकाशवाणी का इलाहाबाद केन्द्र भी अपने समृद्ध लोक संगीत के लिए जाना जाने लगा था। राम कैलाश की धूम केन्द्र के अन्य अच्छे लोक गायकों और गायक-मंडलियों में मचने लगी थी। आकाशवाणी इलाहाबाद से उन्हें जो प्रसिद्धि मिली उससे वे अब अन्य जिलों में लोक संगीत समारोहों और बिरहा दंगलों में बुलाये जाने लगे थे। तब आकाशवाणी के वाराणसी और गोरखपुर के केन्द्र नहीं बने थे लेकिन राम कैलाश की तूती इलाहाबाद के चारों ओर के अन्य जिलों में बोलने लगी थी राम कैलाश जहाँ भी जाते, दंगल जीत कर अपनी छाप छोड़कर आते। रेडियो से राम कैलाश का प्रोग्राम होता, गाँव की चौपालों में, शहर की पान की दुकानों में लगे रेडियो सेटों पर राम कैलाश का बिरहा सुनने के लिए भीड़ लग जाती।

कभी भी हमारे लोक गायकों में राष्ट्रीय चेतना की कभी नहीं रही। राष्ट्रीय सुख दुख, आजादी की

लड़ाई, विकास यात्रा, सामाजिक विसंगतियों यानी कोई भी विषय लोक गायकों छूटा नहीं है। कालचक्र के अनुसार देश में जो भी परिवर्तन हुए- समाज में जो भी बदलाव आया लोक-गायकों की पैनी दृष्ठि और प्रखर चेतना से अछूता नहीं रहा। राम कैलाश भी इसके अपवाद नहीं थे।

सन् 1962 में चीन के साथ हुई लड़ाई के बाद जो एक पराजय के अवसाद का वातावरण बना, लोक गायकों को भी झकझोर गया। लोक गायक स्वरचित अथवा जनकवियों से लिखाये गये राष्ट्रीय चेतना को जगाने/ उसमें नया आग भरने वाले गीतों से गाँव-गाँव गुंजाने लगे।

राम कैलाश अपेक्षा कृत नये दंगली थे, ज्यादातार भक्ति, इतिहास, वियोग, श्रृंगार और ऋतु संबंधी बिरहे गाते थे। कई जवाबी बिरहा दंगलों में इस नये विषय पर कोई रचना उनके पास न होने के कारण वह प्रतिस्पर्धी का जवाब नहीं दे पाये तो उनको इसकी कमी खली। जब कभी असमंजस की स्थिति में पड़ते राम कैलाश मेरे पास जरुर आते।

एक दिन बहुत खिन्न मन से मेरे पास, कीडगंज वाले मकान में आये। पैलगी-आशीष के बाद मैं उनका 'समाचार' पूछा तो बोले अगर तउ सब ठीकइ बा लेकिन एक बात हमइ खाये जाथ। मैंने 'समझा कोई व्यक्तिगत समस्या' होगी, पूछा कौन सी बात है?' बोले, 'आजु काल्हि जहाँ गावइ जाइथ, सब सारे चइना (चीन) की लड़ाई वाले गीत गावइ, लागत थी। हमारे पास एकउ अइसन गीत नहीं बा एहसे बगली झाँकइ के परथ।'

राम कैलाश मुझे बहुत प्रिय हैं, उनका अवसाद भरा चेहरा मुझसे देखा नहीं गया। आश्वासन देते हुए मैंने कहा, 'इसमें इतना दुखी होने की क्या बात है? तुम भी इस विषय पर दो चार बिरहे बना डालो।'

हमसे बनत त हम आपके लगे काहे दउरा आइत?" कहकर राम कैलाश ने कुछ डेढ़े-मेढ़े अक्षरों में लिखे कागज के टुकड़े मेरी ओर बढ़ा दिये। उन कागज के टुकड़ों में राम कैलाश के हृदय में राष्ट्र की

अस्मिता की रक्षा करने, देश को सुदृढ़ अपराजय और दुनियां का सिरमौर बना देखने की कितनी ललक थी और अपनी इस भावना को ऊँचे शिखर पर खड़े होकर दुनियां को सुनाने की कितनी उत्कट अभिलाषा थी यह समझने में मुझे देर नहीं लगी केवल उन भावों को उन शब्दों को जोड़कर एक गीत बनने भर की देर थी।

मैंने राम कैलाश को आश्वासन दिया, चौबीस घंटे के अन्दर ही मैं उन्हें एक गीत बनाकर दूँगा। 'मैंने उसी रात राम कैलाश के लिए एक बिरहा लिखा - भैया बखत पड़े पर केऊना होय सहैया, समैया बलवान के बदे।'

चीन से लड़ाई में विश्व के किसी देश ने न हमारी बात सुनी और और न कोई सहारा ही दिया। देशभर में इस बात की माँग उठी थी कि रक्षा-साधनों में देश को आत्म निर्भर होना चाहिए क्योंकि हम दोनों ओर शत्रु देशों से घिरे हैं। यह बिरहा भाव-भूमि पर लिखा गया था जिसका सार-संक्षेप यही था कि हे भाई समय पड़ने पर किसी का आसरा नहीं मिलता समय भी उसी का होता है जिसकी भुजाओं में बल हो। बड़े बलिदानों के बाद देश को आजादी मिली है और धीरे-धीरे विकास के पथ पर बढ़कर फिर विश्व में अपना महत्वपूर्ण स्थान बनाने जा रहा है। कभी सोने की चिढ़िया कहे जाने वाले इस देश को दो-दो बिल्लियां (चीन और पाकिस्तान) बुरी नजर से घूर-घूर कर देख रही हैं इसलिए हमें संभल कर चलना है। देश का बलदान बनाकर और देश के बाहर-भीतर के गद्दारों को ढूंढ कर उनका समूल नाश करके ही इस देश को बचाया जा सकता है।

बिरहे के बीच-बीच आल्हा, कजरी, लचारी और कव्वाली के छंदों का प्रयोग करके उसे और विविधतापूर्ण और रोचक बना दिया गया था।

शब्द मेरे थे, किन्तु राम कैलाश का समर्थ कंठ पाकर यह उस समय जो माहौल था उस पर छा गया।

गाँव-गाँव, घर-घर राम कैलाश का यह बिरहा गूँजने लगा इससे उन्हें प्रशस्तियां, उपहार, पुरस्कार तो मिले ही साथ ही ऐसा उत्साह-ऐसी नयी स्फूर्ति कि राम कैलाश खुद भी अच्छे अच्छे बिरहों की रचना करने लगे। राम कैलाश के पास भावों की कमी नहीं थी उसे व्यक्त करने की उन्हें इस नयी सफलता से मिली। राम कैलाश का मनोरथ पूर्व हो गया।

सन् 1960-70 के दशक राम कैलाश के लिए बहुत ही अधिक महत्वपूर्ण रहे। इसी बीच आकाशवाणी की लोक गायकों के प्रति नीति बदली। अब तक उनका कोई ग्रेड तय नहीं था। पन्द्रह रुपये से लेकर पचास रुपये तक की फीस लोक गायकों को मिलती थी, लोक गायकों को की प्रतिष्ठा या सम्मान नहीं मिलता था। लेकिन अब न सिर्फ उनके ग्रेड बन गये थे। बल्कि शास्त्रीय अथवा सुगम-संगीत के कलाकारों की भाँति ही लोक गायकों के 'ए', 'बी' और सामान्य 'बी' के ग्रेड की फीस भी शास्त्रीय संगीत के कलाकारों के बराबर मिलने लगी थी और नगर से बाहर के कलाकारों को ग्रेडज के अनुसार ही दैनिक और यात्रा-भत्ता दिया जाने लगा था। योग्यता के अनुसार उन्हें आगे ग्रेड में जाने की सुविधा भी मिल गई थी, इसके लिए उन्हें विशेषज्ञों की कमेटी के सामने स्वर-परीक्षा से गुजरना पड़ता था।

राम कैलाश जो अब तक सामान्य 'बी' के श्रेणी के कलाकार थे 'बी' (उच्च) श्रेणी पाने वाले गिने चुने लोग गायकों में आगे की पंक्ति में आ गये थे। इससे राम कैलाश को फीस, यात्रा और दैनिक भत्तों में वृद्धि तो मिली हो वे दूसरे प्रदेशों के रेडियो स्टेशनों पर बुलाये जाने लगे। यह सौभाग्य 'बी' (उच्च) और आगे की श्रेणियों के कलाकारों को ही मिलता था। इसी दौरान देश क्रे विभिन्न राज्यों में एकाधिक रेडियो केन्द्र खुल गये थे, जिनसे लोक-संगीत समारोहों के लिए दूसरे केन्द्रों के अच्छे कलाकारों की माँग अवसर आने लगी। राम कैलाश उन लोक गायकों में थे जिन की सबसे अधिक माँग आती थी। राम कैलाश सदल जिस बाहरी रेडियो केन्द्र पर जाते, इलाहाबाद केन्द्र का रुतबा बुलन्द करते ही वापस लौटते।

इसीबीच 70-80 के दशक में दूरदर्शन की स्थापना हुई। दिल्ली में दूरदर्शन के प्रसारण की व्यवस्था हुई तब दूरदर्शन का दायरा करते बहुत कम था। राम कैलाश, उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल के पहले लोकगायक थे जिन्हें दूरदर्शन के कार्यक्रमों में बुलाया गया। 80-90 के दशक में, इलाहाबाद में उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र की स्थापना हुई। राम कैलाश केन्द्र के अंग बनकर पूरे उत्तर मध्य क्षेत्र मे घूम घूम कर अपने बिरहे का जादू बिखेर चुके हैं। और अब वह केन्द्र सम्मानित कलाकारों में गिने जाते हैं।

आकाशवाणी इलाहाबाद द्वारा सन् 1980-90 के दशक में राम कैलाश की लोक-संगीत संबंधी प्रतिभा और दीर्घ कालीन सेवाओं से प्रभावित होकर उन्हें संगीत की 'ए' श्रेणी प्रदान की गई। और उन्हें लोक संगीत स्वर-परीक्षाओं के लिए निर्णायक बनने का भी गौरव दिया है।

राम कैलाश को गौरव का ऊँचा स्थान तो तब मिला जब एक भव्य समारोह में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा उन्हें 'तुलसी सम्मान' से विभूषित किया। किसी भी लोक गायक को मिलने वाला यह सर्वोच्च सम्मान है।

एक छोटे से गाँव लमही में एक अत्यंत साधारण परिवार में जन्में राम कैलाश ने जिस धीरे-धीरे चलकर सफलता की यह मंजिल प्राप्त की, वह अच्छे से अच्छे सर्वसुविधा संपन्न व्यक्ति के लिए भी संभव नहीं है। उनमें अच्छे कलाकार होने के साथ-साथ एक अच्छा इन्सान होने के सारे गुण मौजूद हैं। वे अत्यन्त मिलनसार, मृदुभाषी, विनम्र और साथ ही एक साथ बड़े ही स्वाभिमानी व्यक्ति हैं।

उन्होंने बिरहा गायन को कभी आजीविका का साधन नहीं बनाया। जीवन-यापन के लिए वे इलाहाबाद विश्वविद्यालय के रसायन विभाग में कार्यरत रहे। पद भी कोई ऐसा नहीं कि उन्हें 'किसी प्रकार की मनमानी करने की छूट दे सके। रसायन - विभाग के विद्यार्थियों को शोधकर्म करने में सहायक के पद पर वह पूरे कार्यकाल भर रहे और आज भी विश्वविद्यालय में उनकी कर्मठता, समय की पाबंदी और कार्य

कुशलता के साथ ही उनके स्वभाव की भूरि भूरि प्रशंसा होती है। इसी प्रकार गायन के क्षेत्र में भी जब भी कभी उन्हें कार्यक्रम के लिए बुलाया गया न कभी देर से पहुँचे, न कभी किसी को उलाहना देने का मौका दिया और न किसी को स्वयं उलाहना दिया।

कभी किसी ने उनसे पूछा था, 'राम कैलाश जी, जब विरहा गायन से आपको देश भर में मान मिल रहा है साथ ही पैसा भी तो फिर आप यह छोटी-सी नौकरी क्यों करते हैं?'

राम कैलाश का दो टूक उतार था, ए साहेब, पहिले तई समझि ल्य कि नौकरी नौकरी होय। चहै दस रुपिया की नौकरी होय चहै हजार रुपया को, नौकरी दून हूँ में किहे परथ। मेहनत की रुखी-सूखी खाये से केहु छोट नहीं होई जात। रहि गइ हमार ई छोटकी नौकरी हमारे पालन वह समय किहेसि जब बिरहा गाये से एतना पइसा नहीं मिलता रहा। बिरहा के का, आजु बा काल्हि नाहीं। बिरहा हमरे सौख क चीज बा रोटी कमाय के नाहीं।

वह सज्जन, निरुत्तर हो गए। कर्म के प्रति निष्ठा ही राम कैलाश की इस अनपायिनी सफलता का मूल मंत्र है।

सहज और सरल इतने कि सरलता भी उनके आगे शर्मा जाय। एक बार उनसे पूछा गया, 'आपको अपने जीवन का सबसे अधिक आनन्द देने क्षण कौन-सा लगा?'

राम कैलाश थोड़ी देर के लिए खामोश रहते हैं जैसे अपनी स्मृतियों में उस क्षण को ढूँढरहे हों, फिर अचानक एक लाज भरी मुस्कान उनके ओठों पर खेलती है और आँखों में एक अजीब सी चमक आ जाती है। फिर धीरे-धीरे बताते हैं -

'जब हम पहिली दाईं 'जमुना पार' में गाना गावइ गये रहे तउ हमैं दस रुपिया मिला रहा। अपनी कमाई के दस रुपिया हम देखे नाहीं रहे। जब हम अपने बाबू जी के हाथे में ऊ दस रुपिया क नोट धारा

जूता लाइ के पहिरायेनि। तोहसे साँचु कहो साहेब, वह टैम में हमैं जवन आनन्द मिला ऊ फेरि जिन्दगी में नाही पाव।' कहकर फिर उन मधुर स्मृतियों में डूब जाते हैं।

राम कैलाश ने न संगीतशास्त्र पढ़ा है और न ही विधिवत सीखा ही है, पर उन्हें ईश्वर प्रदत्त स्वर की समझ है जो उन्हें कभी धोका नहीं देती। इतना सम्मानित और प्रसिद्धि कलाकार होने का किंचत भी अभियान उनके अन्दर नहीं है। पूछने पर कहते भी है, 'ए भैया हम कहे लायक हइ? गाँव-गेराँव के अबूझ गदेला, न गुन न सहूर। हम जवन कुछु पावा, ऊ राम जी की किरपा से। बाकी जीवन सलाह-मसविरा बड़कये दिहेनि ओहके हम गाँठी बाँधा अडर कबउ बिसरे नहीं।'

राम कैलाश की यह यात्रा आसान नहीं रही है। 1970-80 के दो दशकों में अन्य गायक मंडली से उन्हें कड़ी चुनौतियों भी मिली हैं। इस बीच कुछ बहुत अच्छी लोक गीत मंडलिया इलाहाबाद केन्द्र से गाने लगी थी। इनमें बनारस के हीरालाल यादव और साथी, बलिया के जयश्री यादव और साथी इलाहाबाद के मुहम्मद खलील और साथी मिर्जापुर के सनाउल्ला खाँ और साथी प्रमुख थे। इनके अलावा, आतहा, कजरी, फाग, चौताल, बेलवरिया आदि ऋतुओं संबंधी, लोक गीत गाने वालों की मंडलियां भी उमरी। लोक-संगीत समारोहों में अन्य भाषा क्षेत्रों प्रदेशों की मंडलियां अपने-अपने भाँति-भाँति के रंग लेकर आने लगीं थीं। राम कैलाश इन विभिन्न गायन-शैलियों विविधताओं से एक प्रकार से घिर से गये थे। लेकिन जितना अधिक दबाव उन पर पड़ा, उतने खरे होकर वह उभरे।

बिरहा एक विशेष जातीय गीत है। उसके छंद विधान और धुने बहुत सीमित हैं। बिरहा में धार्मिक और पौराणिक कथायें, ऐतिहासिक गाथायें अथवा वियोग, श्रृंगार और वीर रस के आख्यान ही अधिकतर गाये जाते हैं। उनमें छंदों और धुनों की विविधता नहीं होती। अस्तु अच्छे-से-अच्छे गायक में भी एक एक

रसता आ जाती है। जो केवल बिरहा सुनने के शौकीन हैं, उन्हें तो इसमें बराबर रस मिलता रहता है लेकिन आम आदमी की रुचियां अलग-अलग होती हैं। राम कैलाश को इस तथ्य का अहसास तुरंत हो गया। 'भैया बखत पड़े पर केउ ना लगै सहैया' वासे बिरहे में छंदों और धुनों का प्रभाव वह श्रोताओं पर देख चुके थे। अतः उन्होंने अपने बिरहे के साथ, कजरी, पूर्वी, लचारी, बिदेसिया, निरवाही, होली, फाग, चैता, बेलवरिया और चौताल आदि विविध प्रकार की धुनों का समावेश किया। वर्षा ऋतु में बिरहा गाते-गाते जब किसी ऐसे मुकाम पर आते हैं, जहाँ उन्हें सावन में विरहिणी के दुख का वर्णन करना है तो बड़े लाघव से उसमें कजरी के छंद जोड़ देते हैं। 'फागुन में किसी संयोगनी के उल्लास का वर्णन आया, तो उनके बिरहे में फाग और चैता के स्वर गूँजने लगते हैं। यह सब वह इतनी खूबसूरती से करते हैं कि श्रोता या दर्शक उनकी इन्द्र धनुषी स्वर-लहरियों के हिंडोले में झूलने लगते हैं। उनका मन कभी नहीं भरता। राम कैलाश ने बिरहा-गायन की इस नई विधा का इस्तेमाल करके कई हारी बाजियाँ जीती हैं और बराबर जीतते चले आ रहे हैं।

राम कैलाश के बिरहा गायन में अभिव्यक्ति का पक्ष अचूक और अमोघ होता है। अन्य गायकों की तरह वह मंच पर उछल कूद या अभिनय नहीं करते। गाते समय उनका सम्पूर्ण व्यक्तित्व जैसे बिरहा मय हो जाता है। अपनी आँखों, मुख मुद्रा और कभी कभार एक हल्के से ठुमके से ही वह सब कुछ कह जाते हैं जो अन्य गायक प्रयास करके भी नहीं कह पाते। श्रोता या दर्शक को मंत्र-मुग्ध करके बाँध लेने की जो क्षमता राम कैलाश में है - वह बिरहा गायकों में बिरले ही मिलेगी।

पहले लोक गायकों को शासकीय अथवा संस्थागत पुरस्कार और सम्मान देने की प्रथा नहीं थी। गांव के धनी-मानी और श्रेष्ठ लोग प्रसन्न होकर इनाम-इकराम या बख्शीशें अरुबत्ता दिया करते ते। ये अधिक तर नगद धनराशि के रूप में हुआ करते थे। उत्तर प्रदेश में कज़री, आख्हा और बिरहा ऐसी लोक-गायन

शैलियाँ हैं, जिनमें गुरु-शिष्य परंपरा का अनुसार 'अखाडों' या 'घरानों' का चलन था। इनमें परस्पर प्रतियोगितायें होती रहती थी। इनमें नगर राशि के साथ विजय पताका अथवा घरेलू आवश्यकता की चीजें बालटी, डोल, साइकिल आदि स्मृति चिन्ह के रूप में विजेता को दिये जाते थे। सन् 1980 तक राम कैलाश को इस प्रकार के इतने अधिक पुरस्कार मिले हैं, जिनकी गिनती स्वयं राम कैलाश को भी याद नहीं है।

बाद में जब से पुरस्कारों के साथ जब से सम्मान और प्रशस्ति-पत्र राम कैलाश को मिलने लगे उनका भी कोई हिसाब राम कैलाश के पास नही है। उनके नये मकान का बरोठा और उसके पीछे का एक कमरा उनको मिले, पुरस्कारों और स्मृति चिन्हों से भरा पड़ा है। इनमें से अधिकांश ऐसे हैं जिन के सन-संवत् का पता नहीं चलता। या तो वह मिट गये हैं या उन पर इतनी गर्द जम गई है जो पढ़े नहीं जा सकते हैं। पचासों शील्डें और कप दीवारों पर टंगे हैं। बरोठे में एक अलमारी है जिसमें कुछ उल्लेखनीय चिन्ह हैं, जिनका ही कुछ अता-पता मिल सकता है।

पूछने पर राम कैलाश बड़े निरीह-भाव से सफाई देते हैं - सम्मान पुरस्कार में जवन नगद पावा, घर गिरिस्ती के भ्रमजाल में खर्च होइग। बहुत से कफ (कप) शील, और दूसरी चीजें घरे क बिटिया, बहिन, टोला परोसे के लोग माँगि के लइ गये फिरि वापस नाहीं पावा। पुरस्कार के संगे जवन सारीफिटिक (प्रमाण पत्र सम्मान पत्र) अउर कागज-पत्तर मिलत हमें ओ पुराने मकान में का जानी कहाँ परा हमें। अब ढूँढ़ब मुस्किलै बा। जवन कुछु हमें, आपके सामने हैं।

दरअसल, इन मूल्यवान पुरस्कारों सम्मानों एवं प्रशस्ति पत्रों के ढेर को कोई संभालने-संवारने वाला ही कोई नहीं।" पूछने पर बड़े निरीह भाव से राम कैलाश कहते हैं - का करी साहेब, गदेल (लड़के) जवन हयें केहू नोकरी करथ' के हू आपन कारोबार, ओ हियाँ रहते नाहीं। एक जने जे घर हयों, ओन्है खेती

किसानी अउ घरे के कामे-काजे में बझा रहइ के परथे। पढ़ा लिखा ढेर हइये नाही कि कि ओ सब समझैं। रहि गये हम, त हमरे मान क न ई सब पहिले रहा न अब बा। न हमरे येतना पउरुख बा अउ न समझ कि ई सब सँभारि-सँवारि सकी।

राम कैलाश को मिले, उनके जीवन भर की तपस्या के प्रतिपल इन पुरस्करों-सम्मानों के स्मृति चिन्ह, प्रमाण-पत्र, और सम्मान पत्र सँवार-सहेज कर रखे जाने की आवश्यकता है। इसके लिए किसी न किसी को तो आगे आना ही होगा।

राम कैलाश को मिले पुरस्कारों और सम्मानों के चिन्हों के ढेर में से जो हम खोज पाये उनकी एक फेहरिस्त नीचे दी जा रही है -

| **पुरस्कार/ सम्मान** | **सन्-संवत** |
|---|---|
| उत्तर प्रदेश संगीत-नाटक अकादमी, लखनऊ | |
| अकादमी पुरस्कार, 10,000 रु. नगद स्मृति चिन्ह | 1990 |
| उत्तर प्रदेश संगीत-नाटक अकादमी लखनऊ वन्दनवार कार्यक्रम | 1993 |
| तारिका विचार-मंच, प्रयाग स्मृति चिन्ह | 1993 |
| संगीत-नाटक अकादमी दिल्ली, पुरस्कार, स्मृति चिन्ह | 1996 |
| उत्तर प्रदेश पटर्यन विभाग लखनऊ बुद्ध स्मृति सम्मान | 1999 |
| राष्ट्रीय जनता दल पटना दूसरा राष्ट्रीय अधिवेशन | 2002 |
| अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा, बम्बई (अमिताभ बच्चन के साथ) | 2003 |

| | |
|---|---|
| राजस्थान संगीत-नाटक अकादमी, जयपुर स्मृति चिन्ह | 2003 |
| **म0 प्र0 शासन - भोपाल** | |
| तुलसी सम्मान स्मृति चिन्ह | 2003 |
| विराट-बिरहा-दंगल, वाराणसी | |
| तेलिया बाग - स्मृति चिन्ह | 2001 |
| भिखारी ठाकुर सम्मान, पटना, बिहार सम्मान स्मृति चिन्ह | 2002 |
| बलरामपुर महोत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, कार्यक्रम, बलरामपुर - स्मृति चिन्ह | |
| एल0 बी0 एस0 ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स कोटा, राजस्थान | |
| बिड़ला इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड साइन्स, पिलानी, राजस्थान स्मृति चिन्ह | 2004 |
| ऐतिहासिक सांस्कृति उत्सव गणेशगंज चक्रधर-समारोह, रायगढ़ (म0 प्र0) | 2004 |
| मगहर महोत्सव, संत कबीर नगर | |
| संत कबीर दास सम्मान | 2004 |
| उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग, लखनऊ | |
| योग-सप्ताह | 2004 |
| शीतला माता मंदिर प्रबंध-समिति | |
| वाराणसी, रस मंजरी कार्यक्रम | 2004 |

पुरस्कारों एवं सम्मान पत्रों की यह फेहरिस्त राम कैलाश को मिले पुरस्कारों और सम्मानों का केवल एक नगण्य भाग है।

'स्वान्त सुखाय' गाया जाने वाला बिरहा एक सामान्य जातीय गीत है जिसकी सीमा पहले चारागाहों तक ही थी, फिर वह गाँव की चौपालों और छोटे-मोटे बिरहा दंगलों तक पहुँचा। मीडिया की बदौलत गाँवों के साथ-साथ शहरी श्रोताओं को भी इससे परिचित होने का अवसर मिला। लेकिन वही बिरहा राम कैलाश के कंठ में बसकर अपनी अखिल भारतीय पहचान बना चुका है। जिस प्रकार बाँसुरी को स्व. पन्नालाल घोष ने, शहनाई को उस्ताद बिसमिल्ला खाँ ने शास्त्रीय संगीत में स्थापित किया, ठीक उसी प्रकार लोक संगीत के क्षेत्र में बिरहा को राम कैलाश के नाम से ही जाना जाता है। इसमें तनिक भी अतिशयोक्ति नहीं है।



मध्य प्रदेश शासन द्वारा तुलसी सम्मान समारोह का एक दृश्य


शरद मेला 2006
मध्योत्तरी
उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र
( संस्कृति विभाग, भारत सरकार की एक स्वायत्तशासी संस्था )
14, सी.एस.पी. सिंह मार्ग, इलाहाबाद - 211001 उ0प्र0
दूरभाष : 0532-2423698, 2423775, फैक्स : 2423720
Website : www.nczccindia.org

## हीरालाल यादव

काशी के प्रसिद्ध बिरहा गायक हीरालाल को देश लोकगायक के रूप में जानता रहा है। यही कारण है कि बिना उनके कोई भी लोक–संगीत आयोजन पूर्ण नहीं माना जाता था। सिर पर गांधी टोली, धोती–कुर्ता के ऊपर सदरी डाले, गठीला बदन, रंग गेहुँआ, ललाट पर पवित्र सफेद चन्दन लगाये जब हीरालाल जी अपने साथी–सहयोगी कलाकार टेरीदारों और वादकों के साथ मंच पर हाथ जोड़ कर चढ़ते तो यह अनुभूति होती कि लोकसंगीत की महान प्रतिमूर्ति बिरहा की छाप बनकर सम्मुख उतर आयी।

हीरालाल जी जब अपने बिरहा के कजली का मौसमी गीत लहराते तो श्रोता बरबस उनकी ओर खिंच जाता है तथा विरहिनी गीतों से ऐसा भाव उत्पन्न कर देते जिससे लोगों के आँसू निकल पड़ते। पहपट, चौलरिया, होली, विदेशिया झूमर आदि बिरहा के पारम्परिक छन्दों को उभार कर जन–मानस को भाव–विभोर कर देते। श्रृंगार रस, करुण रस व वीर रस के गीतों को सुनकर श्रोता मुग्ध होकर उन्हें सुनते ही रहना चाहते थे।

एक सन्त की भाँति हीरालाल जी शुद्ध शाकाहारी रहे। यहाँ तक कि चाय को भी हाथ नहीं लगाते थे। पारिवारिक पृष्ठभूमि के सच्चे पहलवान व अच्छे किसान थे। वरुणा नदी के किनारे पर काशी की गंगा–जमुनी तहजीब के जीवन्त उदाहरण के रूप में प्रतिदिन दर्शन, पूजन, दण्ड बैठक लगाना, स्वर की साधना के एिल पूर्ण, समर्पण सच्चे मानव प्रेमी कलाकार का दर्शन श्रोताओं को ही जाता था।

पवित्र गंगा माँ की सहायक वरुणा नदी के किनारे पर बसी बस्ती चौकाघाट में वाराणसी के सदर तहसील के अन्तर्गत उनका निवास–स्थान था। हुकूलगंज जेल मार्ग के लवे रोड पर उनका निवास–गृह बनारस के व्यस्ततम इलाके में भी अपनी ग्रामीण पृष्ठभूमि की छाप छोड़ते दिखाई देते रहे। अपने घर के ही पास उन्होंने एक विद्यालय और रम्मन गुरु राम मन्दिर भी बनवाया। शिक्षा के सम्बन्ध में पूछने पर हीरालाल जी सहज भाव से कहते थे : ''प्राइमरी तक पढ़ली फिर बाऊ के

गाय–भंइस खेती–बारी में हाथ बटावे लगली, नन्हये में बिरहा गावे लगली आउर कुश्ती के भी सउखीन रहली, धीरे–धीरे नौ साल में गायकी क चस्का लग गायल स्वामी जी के कुटिया पर जात रहली गोवर्धन सराय में भजन गावत–गावत धड़का खुल गयल ए बचवा।'' गुरु के बारे में पूछने पर हीरालाल जी स्वयं बात करते हुए अपने गायकी का पूरा श्रेय माता–पिता व श्री होरी खलीफा एवं गाटर यादव को देते थे। सस्ती लोकप्रियता के लिए अपने गीत–संगीत में कभी अश्लीलता का प्रयोग नहीं किया।

1976 से 1995 के बीच आपके साथ बिरहा दंगल में प्रमुख रूप से आपका मुकाबला हीरा–बुल्लू, हीरा–रामकैलाश, हीरा–पारनसनाथ, हीरालाल–रामधारी के रूप में ग्रामीणों का मनोरंजन करता था। वह कभी भी मंच पर उछल–कूद नहीं करते थे। एकाग्र होकर कलाइयों के सहारे करताल के स्वर से ही अपनी बात इशारों–इशारों में कह देते।

हीरालाल जी अपने बिरहा गीतों में ककहरा, शीशापलट, अधर, शब्दशोक आदि पिंगल के तरकीबों को भी बखूबी गाया करते थे जिससे बिरहा के महफिल में और रोचकता बढ़ जाती थी। और पढ़ा–लिखा समाज भी अलंकार युक्त बिरहा की पंक्तियों को सुनकर प्रसन्न होते थे। उनकी गायन शैली का इतना प्रबल प्रभाव है कि मठ गढ़वा घाट के स्वामी सरकार के हर आयोजनों में मुम्बई, दिल्ली, कलकत्ता, लखनऊ तथा पूर्वांचल के अन्य जिलों में हीरालाल जी के बिरहा के स्वामी जी का दरबार सजता था। स्वामी जी सभी आयोजनों में हीरालाल जी को साथ–साथ रखते थे।

आपकी सेवा भावना को देख लोग दंग रह जाते थे। जब आप अपने ढोलक वादक स्व. छन्नू लाल जो दोनों आँखों से अन्धे थे, आप अपने बेटे के समान उनकी सेवा करते थे। छन्नू लाल जी खुद आकाशवाणी वाराणसी से एकल गायन करते थे तथा हीरालाल जी के साथ संगत ढोलक पर करते थे जो आज इस दुनिया में नहीं

हैं। गामा यादव बचपन से आपके साथ टेरीदारों में रहे हैं। आपके साथ हारमोनियम मदन जी बजाते थे।

वह बताते थे कि 'बिरहा हमार व्यवसाय नाही दिल क उद्गार हौ हम बिना बिरहा के नाहीं जियब।' हीरालाल जी वरजस्ता गायकी के माहिर कलाकार रहे। उनके अनुसार पन्धारी यादव वरजस्ता के सर्वश्रेष्ठ कलाकार रहे। इनके अलावा कटेसर के जगरनाथ यादव व परशुराम यादव को अच्छे से वरजस्ता बनाने की बात वे बताते अपने पिता की छः सन्तानों में हीरालाल जी चौथी सन्तान थे। बचपन से ही तीव्र व प्रखर बुद्धि के थे। इसका प्रमाण इनके पचास साल पुराने बिरहा गीतों से मिलता था। उनके कुल नौ सन्तानों में छः पुत्र व तीन पुत्रियां जिनमें राम जी यादव अच्छे बिरहा गायक हैं। इनके पूर्वज मीरापुर बसही ग्राम के मूल निवासी थे। प्रारम्भ में बाबा रामरतन लाल गोस्वामी जी गोरखपुर जनपद के निवासी आपको बिरहा बना कर देते थे।

सन् 1970 से 80 के बीच आकाशवाणी के साथ–साथ दूरदर्शन केन्द्रों की भी स्थापना हुई, जिसके अन्तर्गत हीरालाल जी आकाशवाणी के इलाहाबाद, वाराणसी तथा तमाम केन्द्रों से स्पान्सर्ड कार्यक्रमों के बाद आपकी छवि बिल्कुल अलग दिखायी देने लगी और आप ''बी'' हाई ग्रेड से ''ए'' ग्रेड कलाकार घोषित हो गये।

पहले वाराणसी आकाशवाणी केन्द्र नहीं था। इलाहाबाद आकाशवाणी के लोक कलाकार भेलूपुर में रिकार्डिंग करते थे, इलाहाबाद से प्रसारण होता था। रिकार्डिंग का एक रुपया भी नहीं मिलता था। वह कहते, 'अपने मान–सम्मान और रेडियो से हमारा गाना बजी इसी खुशी से हमहन बिरहा गावत रहली। आकाशवाणी, दूरदर्शन, संगीत नाटक अकादमी से जवन प्रचार–प्रसार बा उत ठीक हव, सरकार के बिरहा विषय बनाके पढ़ावे के चाही तबै कुछ काम होई।' बचपन में गाय–भैंस की चरवाही खेत में हरवाही के अलावा आप अपने समय में सन् 1966 तक अच्छे कुश्ती के पहलवान थे तथा गाँव–गाँव में घूम कर दंगल लड़ा करते थे। सोंधी मिट्टी की प्रखर सुगन्ध से सराबोर कुश्ती कला व बिरहा दोनों एक ससाथ चला था। बाद में जब

धीरे–धीरे व्यस्तता बढ़ती गयी तो कुश्ती से दूर होते गये तथा बिरहा को गले लगाये रखा। हीरालाल जी बताते थे जब हमारा लगातार 20–25 दिनों तक बिरहा दंगल चलता था तो रात में बिरहा गाना, दिन में कुश्ती लड़ना मुश्किल होता था। अतः मजबूरी में मुझे कुश्ती छोड़नी पड़ी।

## कुछ और कलाकार, चिंतक, कवि आदि

1. बिसराम उर्फ ठाकुर विश्राम सिंह

   गांव : सियारामपुर, जनपद : आजमगढ़ (उ0प्र0)

   निधन : 1947
2. रामकृष्ण शर्मा

   वाराणसी

   बिरहा – नायिका का भेद
3. **डॉ0 कृष्णदेव उपाध्याय (लोक कला चिंतक)**
4. **ग्रियर्सन (लोक कला चिंतक)**
5. मोहाल महतो

   ग्राम : मनियवां (आयर), मोहाल नगर

   वाराणसी (उ0प्र0)
6. हरिनंदन पटेल

   ग्राम : डोमरी पड़ाव, वाराणसी
7. रामलाल यादव (जन्म : 1904, मृत्यु 29.11.1995)

   ग्राम : सिंधीताली, जिला : चंदौली (पहले वाराणसी)
8. रामधारी कवि (जन्म : 1930, मृत्यु 19.09.2002)

   ग्राम : महमूदपुर, (औड़िहार)

   तहसील : सैदपुर, जनपद : गाजीपुर (उ0प्र0)

9. चंद्रिका यादव (मृत्यु : 02.06.1981)

ग्राम : महमूद गांव

जनपद : चंदौली (पूर्व में वाराणसी), उ0प्र0

10. पंधारी यादव (जन विश्वास है कि मृत्यु : 29.07.2004 को 112 साल की उम्र में)

ग्राम : लाला नगर, पोस्ट : रामापुर,

जिला : संत रविदास नगर, भदोही (पहले वाराणसी जनपद)

11. छेदी यादव

ग्राम : डीहवा, पोस्ट : मुगलसराय (अब दीनदयाल उपाध्याय नगर)

जनपद : वाराणसी (उ0प्र0)

रेलवे से 1982 में सेवानिवृत्त

12. रामखेलावन यादव 'पुजारी जी'

(जन्म : 1921)

ग्राम : भुजहुवा, जनपद : वाराणसी

13. पारसनाथ यादव (जन्म : 1930)

ग्राम : मोनबरसा, पोस्ट : चौबेपुर,

जनपद : बलिया (उ0प्र0)

14. दलगजन खलीफा

ग्राम : ककरही, पोस्ट : नट्या,

जिला : भभुआ (बिहार)

15. दीपराज यादव

ग्राम : पटना, पोस्ट : सिधौना, तहसील : सैदपुर

जनपद : गाजीपुर (उ0प्र0)

– पिंगल शास्त्र के पहले विद्वान

16. बुल्लू यादव

ग्राम : उगापुर, पोस्ट : चंद्रावती

जनपद : वाराणसी (उ0प्र0)

– एक तरह से बिरहा के पहले सुपरस्टार, बिरहा के मुहम्मद रफी के नाम से मशहूर

17. राम अवध यादव उर्फ बंगाल चैंपियन (जन्म : 1936)

ग्राम एवं पोस्ट : बरडीहा,

जिला : जौनपुर (उ0प्र0)

18. बाबू राम यादव

ग्राम : चक जुआरी, पोस्ट : अम्बारी

जिला : आजमगढ़ (उ0प्र0)

19. परशुराम यादव (जन्म : 01.01.1958)

ग्राम : नसीरपुर मठ, पोस्ट : कोटवान रायनपुर,

जनपद : बलिया (उ0प्र0)

– शुद्ध उच्चारण, भाषा, व्याकरणयुक्त बिरहा के लिए ख्यात

20. झिज्जू कुशवाहा

ग्राम : सिसौदा, पोस्ट : रामगढ़

जिला : भभुआ (उ0प्र0)

21. रामदेव यादव

ग्राम : मजीरा (मुनारी बाजार, सारनाथ के निकट)

जिला : वाराणसी (उ0प्र0)

22. रामनरेश यादव (जन्म : 01.02.1943)

ग्राम : जमालपुर (त्रिगावा)

पोस्ट : मारूफपुर, जनपद : चंदौली (उ0प्र0)

– लगभग 2000 बिरहा गीतों के रचनाकार

23. गंगा सागर राय (जन्म : 01.01.1956)

सरयां (उजियार), जनपद : बलिया (उ0प्र0)

24. काशीनाथ यादव (जन्म : 11.10.1958)

ग्राम और पोस्ट : असावर,

जनपद : गाजीपुर (उ0प्र0)

— 1994 में बहुजन समाज पार्टी, 2000 और 2006 में समाजवादी पार्टी की तरफ से विधान परिषद के सदस्य (एम0एल0सी0)

25. राम नारायन यादव

ग्राम व पोस्ट : खजरा,

जनपद : भभुआ (बिहार)

—महिला गायकों को भी प्रशिक्षित करने के लिए लोकप्रिय, शेरे बिहार के रूप में विख्यात

26. शिवमूरत यादव (मृत्यु : 02.08.2003)

ग्राम : रामपुर नेवादा, पोस्ट : सैदपुर

जनपद : गाजीपुर (उ0प्र0)

27. मोहन सिंह यादव (जन्म : 19.09.1952)

सरइया, सिकंदरपुर,

जनपद : चुनार (मिर्जापुर)

28. राधे मोहन सिंह राही

संभवतः वाराणसी जनपद के

29. प्यारे लाल यादव (जन्म : 02.01.1967)

ग्राम : टड़वा, जनपद : गाजीपुर (उ0प्र0)

— लगभग एक हजार बिरहा गीतों के रचयिता, अब मुंबई में निवास, भोजपुरी सिनेमा के लोकप्रिय गीतगार)

30. विश्वनाथ यादव (जन्म : 08.01.1956)

भगवानपुर, चौबेपुर,

जनपद : वाराणसी (उ0प्र0)

31. बालेश्वर राजभर (जन्म : 01.01.1942)

ग्राम : बरनपुर

जनपद : मऊ (उ0प्र0)

बाद में चचारपुर चट्‌टी गांव में रहने लगे

–1995 में यश भारती सम्मान से अलंकृत, राजनीतिक मंचों पर भी गायन के साथ सक्रिय रहे। बैंकाक, सूरीनाम, गुयाना, थाइलैण्ड, मॉरीशस की यात्रा, अब दिवंगत)

32. जोखन प्रसाद मधुकर (जन्म : 01.01.1952)

ग्राम : केशवपुर, पोस्ट : छोटकी कुल्हड़िया,

जिला : कैमूर (बिहार)

– महिला गीतकारों के प्रिय रचनाकार

33. रामचरन यादव 'वियोगी' (जन्म : 12.03.1969)

ग्राम : देवई, पोस्ट : जन्सो की मड़ई

जनपद : चंदौली (उ0प्र0)

34. विजय लाल यादव

ग्राम : टड़वां, तहसील : सैदपुर

जनपद : गाजीपुर (उ0प्र0)

35. ओम प्रकाश यादव (जन्म : 31.10.1966)

ग्राम : कृतपूरा, जनपद : बक्सर (बिहार)

– कांड गायिकी के लिए लोकप्रिय

36. राम जनम यादव 'चंचल' (जन्म : 07.10.1980)

ग्राम : कटेसर, जनपद : चंदौली (उ0प्र0)

अब ग्राम : एकौनी, पोस्ट : बसंतनगर, जनपद : चंदौली में निवास

37. इंद्रवीर यादव (जन्मतिथि : 01.01.1994)

ग्राम : आराकला, पोस्ट : आरा,

विकासखण्ड : सैदाबाद, तहसील : हंडिया,

जनपद : प्रयागराज (उ0प्र0)

38. सियाराम यादव (जन्म तिथि : 01.11.1945)

ग्राम : दमेर, पोस्ट : भूपतपुर, विकासखण्ड : धनुपुर,

तहसील : हंडिया, जनपद : प्रयागराज (उ0प्र0)

39. चुन्नी लाल

ग्राम : मोहम्मदाबाद दसेर,

पोस्ट : भूपतपुर, विकासखंड : धनुपुर, तहसील : हंडिया,

जनपद : प्रयागराज (उ0प्र0)

40. हरिहर नाथ यादव

ग्राम : सेमती, विकासखंड : प्रतापपुर,

तहसील : हंडिया, जनपद : प्रयागराज (उ0प्र0)

41. शेषनाथ यादव

ग्राम : बलदिहां, पोस्ट : सैदाबाद,

विकासखंड : सैदाबाद, जनपद : प्रयागराज (उ0प्र0)

42. लालजी लहरी

गोमती नं0 40, नई बस्ती,

फाफामऊ, प्रयागराज (उ0प्र0)

43. महानन्द जी पटेल

ग्राम : छतौना, बहचनियाँ पटेल नगर,

पोस्ट : सराँय ममरेज, विकासखण्ड : प्रतापपुर,

थाना : सराँय ममरेज, तहसील : हण्डिया,

जिला : प्रयागराज (उ0प्र0)

44. बिजय गिरी

ग्राम : बलरामपुर, पोस्ट : बरेठी, थाना : उतराव
तहसील : फूलपुर, जिला : प्रयागराज (उ0प्र0)

45. भैया संतोषी
ग्राम : चकपौदा, पोस्ट : हिन्दुआनी मोवैया
विकासखण्ड : धनुपुर, थाना : सराँय ममरेज
तहसील : हण्डिया, जनपद : प्रयागराज (उ0प्र0)

46. अरबिन्द राज दिवाना
ग्राम : राका, हण्डिया, प्रयागराज

47. लाल बहादुर लहरी यादव
ग्राम : साढ़ाबरौना, आरा, उतराव,
सैदाबाद, हण्डिया, प्रयागराज

48. छोटेलाल राजभर
ग्राम : चकलाल, पो0 नैनी, ब्लाक चाका कोतवाली नैनी
तहसील : करछना, जिला : प्रयागराज

49. रामसूरत दिवाना
ग्राम : तिकरी, हरिसेनगंज,
मऊआइमा, प्रयागराज

50. हरिनाथ सुमन जी
ग्राम : देवापुर, पोस्ट : उमरिया सारी
थाना : मऊआइमा, ब्लाक : होलागढ़, तहसील : सोरांव, प्रयागराज

51. धनाराम चंचल
ग्राम : अहमदपुर, लटरामपुर, प्रयागराज

52. दया राम यादव
ग्राम : बारो, पोस्ट : बगईखुर्द
ब्लाक : बहादुरपुर, थाना : उतरांव,

तहसील : फूलपुर, जिला : प्रयागराज

53. गिरधारी लाल सरोज

ग्राम : करूडीह, प्रतापपुर, हण्डिया, प्रयागराज

54. कमलेश चंद्र यादव

ग्राम : पिपरी, पोस्ट : पृथ्वीपुर, तहसील : हंडिया,

जनपद : प्रयागराज (उ0प्र0)

55. डॉ0 मन्नूलाल यादव

ग्राम : काशीपुर, पोस्ट : परसोधा, तहसील : चुनार,

जनपद : मिर्जापुर (उ0प्र0)

– संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली के बिस्मिल्ला खाँ पुरस्कार से सम्मानित, वाराणसी में भी निवास

56. राजा राम यादव (कवि जी)

हरसिंह पुर, पोस्ट : तिलठी, थाना : चीतह,

मिर्जापुर (उ0प्र0)

57. नर सिंह बहादुर यादव

ग्राम : बारों, पोस्ट : बधई खुर्द, सहसों,

जनपद : प्रयागराज (उ0प्र0)

58. नन्हकू राम पाल

मदारपुर, पोस्ट : हेतापट्‌टी, सहसों,

जनपद : प्रयागराज (उ0प्र0)

59. दिनेश यादव

ग्राम : लमाही, पोस्ट : थेलसी (बरौत)

तहसील : हंडिया, जनपद : प्रयागराज (उ0प्र0)

60. मंगल कवि

डबरिया (पैगापुर), धानापुर,

जनपद : चंदौली (उ0प्र0)

61. दुर्जन कवि

ग्राम : व्यासपुर, पोस्ट : बर्थरा कला,

जनपद : वाराणसी (उ0प्र0)

# बिरहा का स्त्री स्वर/महिला गायक

लगभग दो दशक से बिरहा के मंच पर स्त्री स्वर मुखर हुआ है। महिला गायक कलाकारों के मधुर स्वर के गूँज–अनुगूँज सुनाई पड़ रही है लेकिन गायिकाओं को अपनी जगह बना पाना बहुत कठिन रहा है। सबसे बड़ा अवरोध उन्हीं की कलाकार बिरादरी से आया। श्रोता–दर्शक समुदाय की ओर से कोई बाधा नहीं रही बल्कि वह तो सुनने और स्वीकार करने के लिए तैयार थे। बिरहा का शायद ही कोई स्थापित, लोकप्रिय या बड़ा कलाकार रहा हो जिसने महिलाओं के बिरहा मंच पर आने की पुरजोर विरोध न किया हो। चंद कलाकार ऐसे भी थे जिन्होंने महिलाओं को बिरहा गायन के लिए प्रोत्साहित किया और उनके लिए गीत लिखे–लिखवाये। शायद, उन्हीं कलाकारों के उत्साहवर्धन और प्रोत्साहन का परिणाम था कि आज दर्जनों महिलाएं बिरहा मंच पर अपने कंठ का जादू बिखेर रही हैं। उन्हें यश और धन दोनों ही अर्जित हो रहा है। लोकप्रिय महिला बिरहा गायक कलाकार यह है–

| क्र.सं. | नाम | जनपद | प्रदेश |
|---|---|---|---|
| 1. | गीता त्यागी | गाजीपुर | उत्तर प्रदेश |
| 2. | गीता भारती | वाराणसी | उत्तर प्रदेश |
| 3. | अनीता राज | वाराणसी | उत्तर प्रदेश |
| 4. | सपना मिश्रा | गाजीपुर | उत्तर प्रदेश |
| 5. | कविता कृष्णमूर्ति | वाराणसी | उत्तर प्रदेश |
| 6. | सरोज त्यागी | वाराणसी | उत्तर प्रदेश |
| 7. | खुशबू राज | रामनगर, वाराणसी | उत्तर प्रदेश |
| 8. | रजनीगंधा | गाजीपुर | उत्तर प्रदेश |
| 9. | गायत्री राजभर | सोनभद्र | उत्तर प्रदेश |
| 10. | मीरा मूर्ति | वाराणसी | उत्तर प्रदेश |
| 11. | पूर्णिमा पटेल | वाराणसी | उत्तर प्रदेश |
| 12. | पूनम श्रीवास्तव | कोचस | बिहार |
| 13. | उमा बैरागन | प्रयागराज | उत्तर प्रदेश |
| 14. | सुमन भारती | जौनपुर | उत्तर प्रदेश |
| 15. | नीलम सरोज | जौनपुर | उत्तर प्रदेश |
| 16. | किरण पाण्डेय | सोनभद्र/मिर्जापुर | उत्तर प्रदेश |
| 17. | नीतू चंचल | चंदौली | उत्तर प्रदेश |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 18. | सरोज सरगम | मिर्जापुर | उत्तर प्रदेश |
| 19. | सीता सांवरी | वाराणसी | उत्तर प्रदेश |
| 20. | लता रागिनी | मिर्जापुर | उत्तर प्रदेश |
| 21. | सरस्वती सरोज | मिर्जापुर | उत्तर प्रदेश |
| 22. | बिंदू रागिनी | मिर्जापुर | उत्तर प्रदेश |
| 23. | बिंदू बावरी | मिर्जापुर | उत्तर प्रदेश |
| 24. | खुशबू राज | वाराणसी | उत्तर प्रदेश |
| 25. | नीतू राज | आजमगढ़ | उत्तर प्रदेश |
| 26. | महिमा राज | चुनार (मिर्जापुर) | उत्तर प्रदेश |
| 27. | सुमित्रा नंदिनी | हंडिया (प्रयागराज) | उत्तर प्रदेश |
| 28. | अंजू अनुरागी | हंडिया (प्रयागराज) | उत्तर प्रदेश |
| 29. | संगीता सरोज | — | — |

# कुछ विशिष्ट और चिचित्र प्रकार का बिरहा

**सूर्य भगवान के सहस्रनाम का बिरहा**

नमो सूर्य सविता वरद आर्यमा,
गर्भस्तिमान अज मृत्यु धाता अनल।
नमो अर्क पूसा नमो काल त्वष्टा,
नमो वायु आकाश पृथ्वी हो जल।
नमो तेज अरिहा परायण नमोयम,
नमो सोम रवि बृहस्पति प्रबल।
नमो शुक्र बुध शनिचर नमो
नमो भानू भाष्कर मंगल विमल।।

**(2)**

नमो इन्द्रदिप्तांशु सुचि सौरिका,
नमो रुद्र अस्कन्ध ब्रह्म नमामि,
नमो विष्णु वैद्धित विवश्वान श्रष्टा,
नमो धर्मध्वज वेद कर्ता हो स्वामी।
नमो जठराग्नि अग्नि तेज पति हो,
नमो वेद वेदांग मन सत्य गामी,
नमो ऐन धन वेद वाहन विधाता,
नमो विश्वकर्मा नमो अन्तर यामी।।

**(3)**

नमो सत्य युग त्रेता द्वापर कलि हो,
याम छण सम वक्त सर कहावत हो,
नमो सर्वाम राश्रय सनातन नमो

कला काण्ठ धाता मूहुर्त दिखावत हो।

नमो सुचि सास्वत वरुणा कपिल हो,

जय विभावस पुरुष नित्य धावत हो,

नमो काल चक्र छपा करुणा,

करुणा चित्त प्राण धारण नमो सर झुकावत हो।।

**(4)**

नमो विश्वकर्मा तमोनुद वरुण,

जिमुत अंश सागर हो वेद विधाता

नमो भूपपति भूप आश्रय पितामह,

नमो भूत आदि यक्ष पिता और माता।।

नमो विश्वात्मा नमो सुवात्मा नमो,

यैत्रेय करुणामयी ज्ञान दाता।

नमो देह कर्ता नमो पाप हर्ता,

नमो विश्वतो मुख सदा गुण जो गाता।।

**(5)**

नमो सर्वलोक मयस्तत श्रष्टा,

नमो सम वर्तक अग्नि सवार्दी,

नमो सवतो मुख अलोलुप नमो,

नमो धन्य वस्तर अनन्त अनादी।

नमो शुक्ष आत्मा चराचर आत्मा–

मैत्रेय प्रजा द्वार जय सत्यवादी।

नमो स्वर्ग द्वारम नमो मोक्ष द्वारम

त्रिविष्टप हरि पाप सब दरिद आदी।।

**राष्ट्र भाषा का सम्मान**

**डेवढ़ी**

छः सौ वर्ष बाद में जागी किसमतिया

इज्जतिया मातृ भाषा हिन्दी की।

**चौक**

निकले मुगल शाही शासन में मुसलमान कवि हिन्दी का

नामी अब्दुल रहीम खान खाना मुसलमान कवि हिन्दी का

नान्हक कबीर मोहम्मद जायसी सुघर सुजान कवि हिन्दी का।

नारायण के भक्त सूर तुलसी रसखान कवि हिन्दी का।

**ड्यौढ़ी**

बिहारी केशव कालीदास चन्द्र वरदाई किया प्रयास

पृथ्वी राज संघ भई गजनी में मउतीया इज्जतिया मातृ भाषा हिन्दी की।

**चौक**

सनतेरा सौ के बाद मुगल हमला किये भारतवासी पर

सन् 1680 के करीब मरे युद्ध कर पलासि पर

सो दखल किये गुजरात बम्बई मद्रास दिल्ली झांसी पर शहीद लाखो वीर हुए झूल गये हजारो फांसी पर।

**तर्ज**

चलत मुसाफिर मोह लियो रे पिंजरे वाली मुनिया

**धुन**

चन्गुल में अपने फंसा लियो रे अंग्रेजी चिरइया

1. सेनापति मंत्रियों को मिलाई सबराजो में फूट करायी।

आपस में झगड़ा लगाय दियो रे अंग्रेजी चिरइया।

2. दिल्ली के बादशाह के कैद करवाया। उनके तीनों बच्चों का सर कटवाया।

फाटक पे लाश लटकाय दियो रे अंग्रेजी चिरइया।

3. तात्या टोपे नाना राय ज्ञानी लड़के शहीद भई झांसी वाली रानी।

जन रणजीत सिंह गवाय दियो रे अंग्रेजी चिरइया।

4. रानी जलियान वाली बाग में खून बहाये।

लाला लाजपत मार लठियन के खाये

चन्द्रशेखर पर गोली चलाय दियो रे अंग्रेजी चिरइया।

**ड्यौढ़ी**

राजगुरु सुखदेव थे भारतवासी।

अपने देश हिन्द खातिर भगतसिंह झूले फाँसी।

लास कर बोटी–बोटी जलायें आँधी रतिया।

इज्जतिया मातृ भाषा हिन्दी की।

**चौक**

ले लिया तख्त दिल्ली का बना भारत को कंगाल दिया,

लेजाके हिरा कोहीनूर चिरवाय उसे दो फाट किया।

लिखा सब हो इन्गिलिस में ऐसा हुक्म सुनाय दिया।

लो मेरी मातृ भाषा हिन्दी को कैद कर जेल में डाल दिया।

**कौव्वाली**

ढाई सौ वर्ष तक जुल्म ढाया। राज देता हमारा नहीं है।

बापू गांधी ने ललकारा डट के छोड़ो भारत तुम्हारा नहीं है।

1. इलाहाबाद में जन सभा थी बोले डंकल की आवाज दे दो।

मातृ भाषा मेरी होगी हिन्दी, हिन्दी ह में सभी काज दे दो।

नहीं तो गंगा में डूब मरूँगा, करके हस्ताक्षर आज देखो।

उस दम पुरुषोत्तम दास टंडन हिन्दी को बिसारा नहीं है।

2. तक स्किम बनी ना भूलेगा जिस समय की स्वराज मिलेगा।
मेरा झण्डा तिरंगा उड़ेगा दिल्ली राजधानी पर जब गड़ेगा।
लाखो वीरों का खून बहेगा। देश आजाद बन कर रहेगा।
काँप उठे पापी अंग्रेज सुनके। हिन्द में अब गुजारा नहीं।

**डेवढ़ी**

सन् 1947 15 अगस्त। मिली स्वराज हिन्द भये मस्त।
गुलामी की जन्जीर टूटी वही बखतियाँ। इज्जतिया मातृ भाषा हिन्दी की।

**चौक**

सब चले गये अंग्रेज खतम हुआ शासन अंग्रेजी।
सो सब भार संभाले नेहरू फइली अइसन अंग्रेजी।
सुनो हिन्द का राजा हुआ। न गया है फौरन अंग्रेजी।
शास्त्री ने मातृ भाषा हिन्दी की दिया सिंहासन अंग्रेजी।

**धुन**

ऐ हिन्दुस्तानी सीखो भाषा हिन्दी।
बनो न इंग्लिशतानी सीखो भाषा हिन्दी।

1. हो करके हिन्दुस्तानी इंग्लिश के लिए मरते हो।
मातृभाषा के मर्यादा के साथ खेल करते हो।
टेलीफोन तार और ट्रेन तोड़ डालेंगे।
मर के पत्थर से सीसा फोड़ डालेंगे।
है नेताओं की बानी अमर कहानी। ऐ हिन्दुस्तानी

2. पंजाब गुजरात महाराष्ट्रीयन मद्रासी।
बंगाल आसाम में सभी हिन्द वासी।
जब तलक ये हिन्द देश हमारा न होगा।

तब तलक परस्पर न प्रेम हमारा होगा।
आप सब है स्वाभिमानी सीखो भाषा हिन्दी।
ऐ हिन्दुस्तानी सीखो भाषा हिन्दी।

**ड्यौढ़ी**

त्रिभासी फार्मूला तैयार इसी से किया मेरी सरकार।
मोती महानन्द समझावै सत्य बतिया
इज्जतिया मातृ भाषा हिन्दी की।

**वीर रस का बिरहा**

शौर्य साहस से उद्घोष होने लगा
शूरमा चल पड़े नंगी तलवार ले
बम–बारूद गोलों से शासन हिला
भड़की विद्रोह की आग ललकार से
सन् अठारह सौ सत्तावन की क्रान्ति में
नव जहवां बोलते जय–जय बजरंग बली
हिन्द है ये हमारा वतन छोड़ दो,
या अली–या अली कह चला पीर अली।

**शैर**

रहा सन् अठारह सौ सत्तावन मुनादी का,
छिड़ा महा संग्राम मुल्क में आजादी का।
कहीं पे तात्या टोपे, नाना का ऐलान रहा,
कहीं पे वीर कुंवर सिंह का फरमान रहा।
कहीं पे झांसी वाली रानी भी ललकार रही,
कहीं पे बेगम हजरत महल भी फुफकार रही।
कहीं पे मंगल पांडे क्रान्ति का उद्घोष हुआ,

कहीं पे राव तुला राम का जयघोष हुआ।
दिये बहादुर शाह जफर दिल्ली से नारा,
गरजा पीर अली अहले वतन है प्यारा।।

**ग़ज़ल**

जो अपनी खुशी से मुझे आप गम दें

**भाव**

कसम है वतन के लिये मर मिटेंगे, लहू से लिखेंगे हम क्रान्ति का नारा,
भले दे दो फाँसी मेरे क्रान्ति दल को, लेंगे जनम हम फिर से दोबारा,
तन को भले छेद दो गोलियों से, मन का नहीं भेद पाओगे पाजी,
लहू से हजारों जनम लेंगे बागी, अली–पीर गरजा देकर के नारा।

**बिदेशिया**

पटना शहरिया में करै दुकानदरिया
दिन भर बेच उ किताब हो विरनवा,
पापी अंग्ररेजवन के कइसे भगावल जाई
मिटिंग करै रात में जाबाज हो बिरनवा।
कमिश्नर विलियम टेलर के खबरिया
देहले कुछ देश के गद्दार हो बेइमनवाँ,
मोर्चा बनाके पीर अली जवनवाँ,
खूनवा के खेल खेलवार हो विरनवाँ।

**तर्ज**

टेशनिया से गड़िया छूटल ए राजा तोहार निदिया नाहीं टूटल ए राजा।

**भाव**

पटना सिटी स्टेशनवा पर जायी,
जलावै लगलै आपन मोर्चा बनायी।
नारा लगावत के पीर अली अइलै,

देख के बराती सार ससुर परइलैं।

जइसे भागल जाले हरही लुगायी,

जलावै वीरवा आपन मोर्चा बनायी।

**तर्ज**

माई हो ललनवा देइदा।

**भाव**

झुण्ड में जवनवा नाहर पटना दरमियनवा नाहर,

या अली पुकारत चलल, हिन्द के सुमनवा नाहर।

तीन जुलाई सन् सत्तावन के बिहनवा रहलै,

अफीम ऐजेन्ट लायल गिरजा घर दरम्यनवा रहलैं।

मार लेहलैं जनवा नाहर, पीर अली जवनवा नाहर,

या अली पुकारत चललैं हिन्द के सुमनवा नाहर।

**टेरी**

अहले वतन के ऊपर मोह जीवन का त्यागी,

क्रान्ति के पथ पर बागी चल दिये।

**तर्ज**

नदिया कहवाँ हेली कहवाँ से हेलान बा।

**भाव**

गरजा पीर अली आदर्श वतनवा शान बा

भारत कै सम्मान बा ना

भलही जान जवानो जाये, पर आदर्श न बिकने पाये

चाहत कुर्बानी हर हिन्दू मुसलमान, भारत कै सम्मान बा,

संग में नारायण सिंह बागी जुम्मन अब्बास अनुरागी,

त्यागी छोटू यादव ललकारा ऐलान बा, भारत के सम्मान बा

**पहपट**

पटना में क्रान्ति का हुआ ऐलान जान से मारेंगे,
भारत छोड़ो अंग्रेजों बेइमान जान से मारेंगे।
काँप उठी अंग्रेजी सत्ता जुलूस और ललकार से,
कैप्टन रेट्रे क्रान्ति दबाने आया मध्य बिहार से।
दबिश देने लगा हुआ फरमान जान से मारेंगे,
भारत छोड़ो अंग्रेजों बेइमान जान से मारेंगे।

**आल्हा**

जइसे दहाड़ करै सिंह घोर वन में,
ओइसे एलान पीर अली करै जाय,
पटना में प्रथम क्रान्ति ज्योति के जलवलै,
साठ–पैसठ वीर संग मचा के कोहराम
लायल के हत्या से अंग्रेज काँप गइलै,
मिलके विद्रोह कइलै हिन्दू–मुसलमान,
पाँच जुलाई छापा मारे अंगरेजवा,
घरवा क सारा उठा ले गये समान,
पुस्तक के पन्ना पर क्रान्ति कै लेखनियाँ,
शाह बहादुर जफर जी कै लिखलै निशान,
दाना पुर के विद्रोह निजामत रेजिमेन्ट के
पुख्ता अंग्रेज पापी पा गइलै प्रमाण,
रहलै निवासी लखनऊ क पीर अली जी,
पटना में आके बसल रहलैं ऊ जवान,
फाँसी वाला फन्दा तइयार जहवा भइलै
आज ऊ जगहियाँ बा गांधी मैदान।

**पन्धारी**

फाँसी से पहिले लालच दिखावै गोरवा,

गरजा पीर अली जवनवा भारत के शेरवा।

1. भेद बताओ क्रान्ति दल का बचा लो अपनी जान,

   इतना सुन के मुंह पर चाटा मारा है वह जवान,

   शान से झूल जइबै झूलनवा भारत क वीरवा। गरजा पी....

2. खून से लथपथ पीर अली फिर दिया साहसी नारा,

   शहीद होने का अवसर न आयेगा दोबारा,

   काँप गये गोरे दुश्मनवाँ भारत क वीरवा। गरजा पीर....

3. छत्तीस में सोलह को फांसी बीस को काले पानी,

   पटना के गांधी मैदान के कोने पर शैलानी,

   झूल गये फांसी कै झूलनवा भारत के वीरवा। गरजा पीर....

**पोरस महान**

**ड्यौढ़ी**

विश्व विजयी बनने को चला सिकन्दर जवान।

चढ़ाई हिन्दुस्तान पे किया।

**चौक**

खिला हुआ जवान जोश में शाह सिकन्दर उबल पड़ा।

लेकर अस्त्र–शस्त्र सेना यूनान के बाहर निकल पड़ा।

लड़ाई में मारासिन, मिस्त्र, बाबुलिंग, से रियाद दहल पड़ा।

लड़के कारस में सम्राट दर्रा को जीत उछल पड़ा।

**ड्यौढ़ी**

तब शाह सिकन्दर बोला मंत्री को समझायी।

सोने की चिड़िया देश भारत पे किया चढ़ाई।

डंका बजा विजय का। तक लौटू यूनान। चढ़ाई हिन्दुस्तान पे किया।

**चौक**

निश्चय क्या आपके लिए ले आउ फरमान जी।

नवा के सिर सुकरात मंत्री चला। शाह कहे जल्द हिन्द में जाना जी।

निर्भय अगर बजा के डंका विजय हिन्द में पाना जी।

निकाल कर थोड़ी मिट्टी भारत की ले आना जी।

**धुन**

थोड़ी सी मिट्टी निकाली। देश भारत की सोभा निराली।

1. 'एक ज्ञानी गुरु' कोई सवरियाँ और बॉस की लाना बसुरिया।
   एक धनुशा चलाने वाली भारत की सोभा निराली।
2. अमर बेला कनक फूल गीता कहानी जी सुनो राम–सीता।
   जाना रामायण शुखम शाली देश भारत की सोभा निराली।

**ड्यौढ़ी**

बड़े बहादुर लडईया है। वीर बहादुर शूर।

मंगन होकर वीर सिकन्दर लेना चाहा हिन्द भरपूर।

जीतता हुआ सुनो काबुल खन्धार ईरान। चढ़ाई हिन्दुस्तान पे किया।

**चौक**

रहा जोश में जवान पहुंचा झेलम के तीर सुनो।

रजधानी के पास पौरस राजा की जागीर सुनो।

रातो दिन सीमा पर गस्त लगाते सैनिक वीर सुनो।

रोब से भेजा खबर सिकन्दर मिला आय आखीर सुनो।

पौरस राजा को एल्टीमेटम भेज दिया बेपीर सुनो।

**धुन**

पौरस राजा बोले उसबार हो। मिलेगे ललकार के बिदेशिया।

रन में मुलाकात होगी तुमसे हमार हो। मिलेंगे ललकार के बिदेशिया।

1. सोलह बरस का सिकन्दर बेचारा। भौज उतार दिया झेलन नदी के पारा।

पौरस भेजा आपन सुकुमार हो। मिलेंगे ललकार के बिदेशिया।

जिसके संग भेजा सेना बीस हजार हो। लेकिन राजकुमार गया सभर में हार हो।

पौरस राजा सुने समाचार हो। मिलेंगे ललकार के बिदेशिया।

**डेवढ़ी**

समाचार पा पौरस राजा। ने है सेन सजाया।

130 रथ 200 हाथी हौदा को रखवाया। चढ़ाई......।

जाकर युद्ध शुरू कर दिया सरे मैदान। चढ़ाई हिन्दुस्तान पे किया।

**चौक**

सम्राट सिकन्दर से बोले सर झुकाऐ भारत देश नहीं।

संग्राम किये डट के घबराये पौरस नरेश नहीं

शुरू हुई बरसात भारी। किचड में पाते पेश नहीं।

सब रथ की पहिया धस जाती। आगे करे प्रवेश नहीं।

**आल्हा**

किचड़ बीच पैर धस जायें। हाथी बिगड़ के भागे यार।

घोड़सवार सब लड़े संभर के। उसकी फौज थी बेशुमार।

लड़ के मर जाते ना हटते। टरे नहीं राजपूत कुमार।

बल्लम भाला बरछी चुभतें। सर–सर चले टेग तलवार।

लाशन पे है लाश दिखाती। बहने लगी खून की धार।

सेना तितर–बितर सब होइगै। पौरस राजा भयै लाचार।

तीरो से तन छलनी होइगै। घायल होइगै वीर जुझार।

गिरफ्तार कर लिया सिकन्दर। साढ़े नौ फिट लम्बा यार।

**ड्यौढ़ी**

तब कहा सिकन्दर तेरे संग बर्ताव करूं मैं कैसा।
पौरस बोले राजा के संग राजा करता है जैसा।
वैसा करो हमारे संग रण दर्म्यान। चढ़ाई.....।

**चौक**

हंस करके कहा सिकन्दर अब जीने की चाह नहीं।
हुआ कैद था वीर तभौ ना मरने की परवाह नहीं।
हो धन्य धन्य पौरस राजा कमती है उत्साह नहीं।
हिन्दुस्तानी वीरों सा न देखा शहंशाह नहीं।

**कहरवा**

बड़े बहादुर बलवनवा हिन्दुस्तनियां।

1. एक इंच भूमि के कारण पड़ता खून बहाना।
   समझ गया सम्राट सिकन्दर विजय कठिन है पाना।
   धन हो क्षत्रिय के ललनवा हिन्दुस्तानियां।
2. चल ना सके हाथी भागे कीचड़ में धस के।
   इतनी बड़ी मेरी सेना से लड़े समर में कस के।
   छोड़ा पौरस को तौनै छनवा। हिन्दुस्तनियां।
3. मित्र मान पौरस राजा को दे दीन्हा रजधानी।
   सुनो यही से लौट गया सम्राट सिकन्दर ज्ञानी।
   आगे बढय न चरनवा हिन्दुस्तनियां।

**ड्यौढ़ी**

विश्व विजयी बनने की उसकी पूरी हुयी न आस।
32 वर्ष की उम्र में मर गया जा काबुल के पास।
महानन्द मोती लाल जय हिन्द नारा लगाई
चड़ाई हिन्दुस्तान पे किया।

**बिरहा वीर पुस्ता**

**शैर**

वतन के लिए खून क्या चीज है, प्राण जाये भले देश जाये न मेरा।
प्राणों की दे दो आहुति जवानों वतन है हमारा हिमालय ने टेरा।
जागो–जागो मेरे देश के नौजवा इस चमन में घुसने न पाये लुटेरा।
मेहरबानी दादा भुल्लुर जी की होगी। कवि राम अधार सपूतो को टेरा।

**ग़ज़ल**

जो वतन के लिए हो न कुरबा, ऐसा कायर बे पानी नहीं है।
जिसमें हरि नाम की ध्वनि न होवै वो कहानी–कहानी नहीं है।

**भौर**

जिला चित्तोड़ पे मुगलों ने चढ़ाई कीना।
विकट ले सेना मुगलों से लड़ाई कीना।
क्षत्रीय सिर मौर्य देख वीर तब पुस्ता गरजा।
अभी नादान हो माता ने पुत्र को बरजा।
कहे पुस्ता वतन की शान न जाने दूँगा।
भले मिट जाउं पर बैरी को न आने दूंगा।
हौसला देख के माता कहे जाओ छइया।
वतन की लाज तेरे हाथ बचाओ छइया।
हट गया रन से जो वीर बाका।
ऐसा कायर बे पानी नहीं है।

**दोहा**

खबर सुनी किरणावती पिया चले लड़न की ओर।
हमहू चलबै साथ में कहन लगी कर जोर।

**पहपट**

पुस्ता बोला सुन मधुरी बचनिया रनियां माना हो।

कोमल बाटै तोहरी बदनियां रनिया माना हो।

1. सहि न सकबू रन में निकली अग्नि बन के गोली हो।

   बैरी को आने न दूंगा खेलब खून की होली हो।

   मार भगउबै दुश्मन की पल्टनियां रनिया माना हो।

   खून की प्यासी रन रंगी धरनियां रनिया माना हो।

2. जब जक तेगा कर मैं रन में का करही मुदईया हो।

   खुशी से आज्ञा दइ दा जेहमा होई प्रिये भलइयां हो।

   कायम जब तक बाटै जिन्दगनिया रनिया माना हो।

   रहा महल में बैठी बन महरनियां रनिया माना हो।

**दोहा**

सिसक उठी किरणावती धरे पति के हाथ।

पुस्ता बोला मां से आज्ञा लो अभी चलो तुम साथ।

**चौक**

लो कर जोरे कहन लगी आज्ञा माता दो तत्काल।

लखि जिस्म तब माता बोली पुत्री छोड़ो रण का ख्याल।

लगा महावर मेंहदी कर में नई उमर है गोरागाल।

लो घर बैठे ऐश करो जाने का समय कीजै न घाल।

**आल्हा**

माता की बचनियां सुन बोली दुलहिनियां।

सुना है मयनवा मारा हिया न कटार।

जीवन के साथी मोर रनवा में जइही।

सथवा में जाबै लडबै सीना तान।

दुखवा और सुखवा में सथवा न छोड़बै।

आज्ञा देय द माता कृपा होगी महान।

वीर क्षत्राणी छुई माता के चरनवा।

तीनों सती संघवा में करली पयान।

**दोहा**

कमला–किरन–कलवती तीनों साथ संभर में जाई।

वीर बहादुर पुस्ता संग मुगलों से छिड़ी लड़ाई।

**ड्यौढ़ी**

कमला–किरन–कलावती लगा प्राण की धुनियां।

पलटनियां लइके सीमा पे लड़ी।

**चौक**

रचा विकट संग्राम वीर बहुत वीर को दिन्हा चीर।

रक्षा करती तीनों सतियां बांध कफन याद आवै चीर।

राजपूत रण से न डरते इतिहासों में लिखा नजीर।

रे झीला सावन सा बरसे बहे खून से नदिया झीर।

**पहपट**

घेर लिया जब मुगलन की पलटनिया गोलिया दनकै हो।

लड़े समर में बोले जय जय बोलिया गोलियां दनकै हो।

1. चारो ओरी घेरे जइसे रन रंगी बदरिया हो।
   बहे रक्त की धारा जैसे सावन में सूर सरिया हो।
   खेल रन में योद्धा खून की होलियां गोलिया दनकै हो। लड़े समर....।
2. लगी बदन में गोली रन में गिरी किरन सेरनियाँ हो।
   भारत माता की जय बोली तज दिन्हा जिन्दगनियाँ हो।
   छोड़ चली है मृत्यु लोक की टोलियाँ गोलियाँ दनके हो। लड़े समर....।

**उड़ान**

नाश किया कितने मुगलन के गिरी किरन है प्यारी।

अन्तिम दर्शन भये प्रितम के नीर नयन से धारी।

अब हम चली पिया राख्या पुरखन के पनियाँ। पलटनियाँ......।

**तर्ज**

घेरे रन रंगी बदरवा, भीगे खूनवा से चेहरवा। शेरवा सीमा पे लड़े।

1. लड़ते रन के बीच वीर ले लेकर तेग कटार शमशीर।

   जैसे फागुन रंग फुहरव्वा, तन से चुये खून के धरवा। शेरवा सीमा पे लड़े।

2. गरजे रन में पुस्ता डाटी कितनों के ली शीश काटी

   जब तक कायम है हियरवा दागी होय न देब अचरवा। शेरवा सीमा.....।

**उड़ान**

अन्तिम साँस तक किया लड़ाई रन में वीर दिलावर।

बलिवेदी पर शीश कटा दी प्राण किया न्यौछावर। पलटनियाँ....।

रोवै भारत माता कैसे बचिहै पनियाँ। पलटनियाँ......।

**खड़ी**

सीचे खुनवा से धरनियाँ चारों युग में।

1. देव दैत्य सतयुग में फूटे किन्हें मारा मारी।

   त्रेता में श्रीराम चन्द्र रावण के कुल संघारी।

   जलिगै लंका रजधनियाँ चारों युग में।

2. द्वापर में दुर्योधन कोपा बैरी बने मुरारी।

   पाँच गाँव के कारण बहीगई खून नदी के भारी।

   मारा मारी भये दुश्मनियाँ चारों युग में।

3. कलयुग में जयचन्दा कोपा, पृथ्वीराज से फूटा।

   चढ़ा मोहम्मद गोरी धक्का दे कर छल कर लूटा।

   लूटा दिल्ली रजधनियाँ चारों युग में।

**उड़ान**

दादा भुल्लुर ग्वाल कह गये राजा राम अधार।

भारत माँ हित शहीद हो गये पहुँचे स्वर्ग सीधार।

लाल बहादुर रागी राखे देश के पनियाँ। पलटनियाँ....।

## पृथ्वीराज चौहान (रचना राम आधार)

**साखी**

पृथ्वीराज जी चौहान दिल्ली अजमेर के सुल्तान कवि दरबारी बैठे राजा के दरबार।

**भूमिका**

1. सतयुग सतियों को मग से डिगा न सके, भक्त और भगवान की रही मित्रता।
2. त्रेता श्री रामचन्द्र सुग्रीव दोनों शरण साथ सब पर निभाया सही मित्रता।
3. द्वापर में श्रीकृष्ण अर्जुन दोनों सखा–दानी कर्ण दुर्योधन की रही मित्रता।
4. वैसे कलयुग का इतिहास लिखता हूँ मैं पृथ्वीराज चन्द्रवरदायी की रही मित्रता।

**गज़ल**

आज गाथा सुनाता मैं इतिहास का मित्र होता है सबसे निराला।

1191 ई0 की गाथा सुनो पृथ्वीराज चन्द्रबरदायी आला।

**भौर**

सुना रहा हूँ एक अजब सी कहानी है।

पृथ्वीराज की दिल्ली राजधानी है।

1179 ई0 में पृथ्वीराज का जन्म हुआ।

1191 ई0 में राज्याभिषेक हुआ।

राजा के दरबारी चन्द्रबरदायी थे।

उन्हीं के सहायता से राज्य किया करते थे।

राजा का मौसेरा भाई जयचन्द्र देश निकल गया।

उसने जाकर मुहम्मद गोरी से भेद बता दिया।

1192 में ज्ञानेश्वर मैदान में घोर संग्राम हुआ।

मुहम्मद गोरी हार कर तुरन्त वह भाग गया।

**ग़ज़ल**

दूसरी पृथ्वी राज बन्दी बने गोरी ने उनका वध करना चाहा।

**टेरी**

मारे बीच सभा में गोरी के परनवां चलाए शब्द भेदी बनवां।

**चौक**

बन्दी बना के पृथ्वीराज को गोरी गजनी गया मिशाल।

लोहे की सलाखों से गोरी ने राजा की आँखें लिया निकाल।

आँख में उनके मिर्चा भर के बन्दीगृह में दीन्हा डाल।

देख दशा यह चन्द्रबरदायी का उनका हाल हुआ बेहाल।

**ड्यौढ़ी**

देख दशा राजा की भाई कवि दरबारी रोवन लागे।

आज बेदर्दी हुआ है गोरी बदला लेवन लागै चलाए।

मंत्री जा के पहुँचा राजा के समनवां चलाए शब्द भेदी बनवां।

**धुन**

मन में कई के विचार सुने आगे इजहार।

राजा सुना तानि हमार।

आज खेलवा देखउबै इन्हीं जगह।

1. कला प्रेमी राजा घोर खेला देखब भर जोर।
भोर लागै दरबरवां इन्हीं जगह।।
2. मंत्री किहे बड़ी प्रशंसा गोरी के मन आई मन्शा।
देखल शब्द भेदी बनवां इन्हीं जगह।।

**ड्यौढ़ी**

गोरी आदेश दिया मंत्री को दरबार तुरंत सजवाए ऊँचे सिंहासन पर गोरी बैठा 32 लोह लगवाए।।

चन्द्रबरदायी पृथ्वीराज को तब बुलवाए। चलाए शब्द भेदी बनवां।।

**धुन पहपट**

सुनि के शब्द तू पृथ्वी राज तू चलावां बनवां।
गोरी बैठा सिंहसनवा पर फुलाय सिनवा।।

1. 32 लोहे पर आवाज दिया सब भेदे पारा पारी हो।
खुशी हो के तब गोरी ने सीना तान ललकारी हो।
वाह–वाह कहिके लगाए मनवां।। गोरी बैठा।।

**दोहा**

चार बाँस चौबीस गज अँगुल अष्ट प्रमान।
ता ऊपर सुल्तान है मत चूको चौहान।।

**आल्हा**

1. जैसे शब्द भेदी बान राजा दशरथ चलावै भइया।
वैसे एक लब्य जी चलाये महान।।
2. तब शब्द भेदी बान पृथ्वीराज मारे
सभा बीच लगा जाके जहाँ सुल्तान।।
3. जहर से बुझा बाण घुसा जाके सीनवा।
रक्त का फुहारा चला भरा दरबार।
4. तब गोरी मरि गये वहि रें सिंहसनवा।

पापी यह लोकवा चला गा सिधार।।

**उड़ान**

ऐसे मित्र की कहानियां अमर बीरवां।

भारत माता के ललनवां सजाए बीरवा।

1. देखो चन्द्रबरदायी का मित्र था अमर सपूत।

जेकर इतिहास आज बा भइया भारत में मौजूद।।

लेखनी जवाहर लाल दर्शाए बीरवा।

भारत माता के ललनवां सजाए बीरवा।

**टेरी**

ऐसे अमर सपूत रहे भारत माता के लाल।

दादा भुल्लुर स्वर्गसिधारे राम अधार कहे ग्वाल

राजा राम पाल जी जंखे रातो दिनवा। चलाए शब्द भेदी बनवां।

**शिवा जी (रचना : श्रीनाथ महानंद)**

धन्य धन्य शिवाजी महाराज पराक्रमी महान,

महामन्त्र मारे ज्याने अफझुल खान।

औरंगजेब किया है रानी हिन्दू धर्म की सुनिये ज्ञानी।

टक्कर शिवा जील से लगा है करेर।

**ड्यौढ़ी**

करके होशियारी सब वीर शिवाजी की टोलिया।

रोशन आरा की डोलिया छिनी।

**चौक**

नैन लाल कर औरंगजेब मन में करे गुनान सुनों।

निगम शिवा जी डोला छीना। जंगल के दरमियान सुनों।

निशा में आधी रात को बोला। दिलेर खान बलवान सुनो।

निश्चय कर जालिम को घेरे दुर्ग है चौहान सुनो।

**टेरी**

दिलेर खान होके तैयार तेगा बगल और कटार।

सैनिक चला सजाके लिए पिस्तौल गोलियां। रोशन आराकी।

**चौक**

रुके नहीं सब कदम बढ़ा के पहुंच गये हैं बलकारी।

राय डटगये फाटक पे जा दगा किए सती से भारी।

रारी दिलेर खाँ ललकार कदम ना रखना पिछारी।

रहा तैयार फाटक पर विगुल उठा के धुधकारी।

**टेरी**

सदा मंत्री सुने आवाज फाटक पे सैनिक लिये साज।

डटिगै फाटक पे तब बजी कडाकै ढोलिया। रोशन आरा।

**चौक**

क्रोधित दिलेर खाँ ललकारा खंजर से ंजर खटका।

कटे वीर के रूडं मुंड शर भुजा ऊपर टपका।

कुर्वत थोड़ी सैनिक नृपकी शाही पलटन से लटका।

किया पराजय दिलेर खाँ मुस्लिम तोड़ दिये फटका।

**टेरी**

गड़ में आगे कदम बढ़ाई सदा सुख दिये खूब चतुराई।

किला में पड़े शिवा थे ओढ़ मखमली खोलियां रोशन आरा।

**चौक**

लगा शेर का पंजा घायल होकर बड़े बेहाल सुनों।

लगा आह पे आहक न्याला रोशन पहुँची कर ख्याल सुनो।

लगी पूछने सडे वैसे समाचार तत्काल सुनों।

लख राख पहुँचा मंत्री कहता सभी बवाल सुनों।।

**धुन**

कहा मंत्रीभर जल नजरिया।

सुनो सुनो महाराजा खबरिया।

1. दिलेर खाँ ने की चतुराई सैनिक विचल गई नृपराई।

   लिजै जान बचाय इस घरिया सुनो सुनो।

2. इतना सुनत शिवा जी रिसयायी।

   धोखे बाज की देखू विरतायी।

   गिरजा जी उठाली तरवरिया सुनो सुनो।

3. वीरतापन की कला दिखलाए

   मुसलिम के शीश काट गिराउ।

   दिलेर खाँ की भूली हुशियरिया। सुनो सुनो।

4. मंत्री बोला नृप पति सुन लिजै

   इस समय युद्ध जाकै न किजै।

   तब से पहुँचा दिलेर खाँ बदकरिया। सुनो सुनो।

**टेरी**

रोशन दिल में किया विचार। घायल गिर पड़ा बेकार।

बोली शहजादी तब दिलेर खाँ से बोलियाँ। रोशन आरा।

**चौक**

सन मुख दिलेर खाँ से रोशन आरा कहन लगी है खास।

सही हुकूमत मेरी आगे कदम न रखना कर विश्वास।

सही कुवारी मैं हूँ दिलेर खाँ तब मन में हुआ हताश।

सैनिक रुकी वहीं पर रोशन पहुँची छत्रपती के पास।

**धुन**

बोली हे रोशन अब देर न लगाना।

1. मानो शिवाजी मेरी कहानी ऐसे समय पे तजो रजधानी।

फौरन हो जा रवाना। बोली हे रोशन अब देर न लगाना।

2. बोले शिवा जी सुनो शहजादी कैसे करूँ मैं अपनी शादी।
अवसर ना छोड़ा बना है जनाना। बोली रोशन अब देर न लगाना।

3. बोली शहजादी सुनो प्राण प्यारे। आपके संग हम सब हिम्मत हारे।
चलिये करो न गम का फसाना। बोली रोशन अब देर न लगाना।

4. डाकै तब खिरकी से राजा रानी। दो सौ गज था नीचे खाढ़ी में पानी।
फिर से पूना में किये है पयाना। बोली रोशन अब देर न लगाना।

**टेरी**

डोला लेकै दिल्ली जाई। गाकै महानन्द समझाई।

मोती लाल पटेल जी की मीठी बोलिया। रोशन आरा।

**उतार**

सुन के औरंगजेब रिसीयाई। रोशन को भी कैद करायी।

समया सबही पे करती हेरा फेर।

**वीर सिंह**

रही जो राजधानी चितौड़ गुजर गये उदय सिंह मौर्य।

गौर करे शक्ति सिंह और राणा प्रताप।

**टेरी**

किये शक्ती सिंह राणा लड़के की तैयरिया। कमर में तलवरिया बँधी।

**चौक**

नगर निवासी सोचे दिल से राणा प्रताप भूप होय बोलत।

मगर न माने शक्ती सिंहध। कहे हो आज मोहि साफ भेद खोलत।

अगर नहीं जो मानै बतिया। युद्ध से लू पुकार बोलत।

तुरन्त तैयारी किन्है होओ। डट के बीच बढ़े मठोलत।

**धुन**

तलवार चली मेरी घबराके नहीं जाना।

देखू शस्त्र तेरी शरमा के नहीं जाना।

**भौर**

मैं भी हकदार हूँ पिता जी की रजधानी है।

टरू ना लड़ने से चढ़ती हुयी नौजवानी है।

पूरा कर लो जिसके दिल में हौसला होगा।

आज तलवार के बल से ही फैसला होगा।

जाओ करो न देरी सरमा कर नहीं जाना। तलवार चली....।

**भौर**

छोटा भाई हो शक्ती सिंह जब आवाज दिया।

बड़े राणा प्रतापा जी भी खंजर खींच लिया।

तब से दौड़ कर पहुँचा पुजारी हाली है।

खड़ा भय बीच मैं तलवार चलने वाली है।

बोलो न बनो बैरी टकराकै नहीं जाना। तलवार चली.....।

**टेरी**

तब से शक्ती सिंह कुमार अपनी चला दिये तलवार।

कट गये शीश ब्राह्मण के गिर पड़ी शरीरिया। कमर में....।

**छन्द**

लगत कुछ सुनो ब्रह्म हत्या प्रजा कहे ईराज काबिल।

तब शक्ती सिंह शरमा के चले मेवाड़ राज्य हुआ दाखिल।

मिलन गये आयी मौनी नारी कपूर सुनो लगा दिल।

मगर ब्याही थी बाला उनसे जरूर जंग हो काबिल।

**तज**

दो हंशो का जोड़ा बिछड़ गयो रे। गजब भयो रामा जुलुम भयो रे।

**धुन**

कहत न बेली फूल गयो रे। लडकइया की बतिया भूल गयो रे।

1. अबही न मागी में छोड़या सेधुरवां नहके लगा प्रेम जाते बहेरवां।

   करने को शादी कबूल गयो रे। लड़कइया....।

2. तब शक्ती सिंह बोला जाऊँगा जानी।

   राणा की करबै दखल राजधानी।

   आज अकबर से मिलकै तूल गयो रे। लड़कइया.....।

3. बोली छत्रानी हम भी मिलूँगी। तीर कमानो से तुमसे लडूँगी।

   गलजे में डाल बहीया भूल गयो रे। लडत्रकइया.....।

4. लौट जा अकबर बोला बताऊँराणा प्रताप से बदला चुकाऊँ।

   हो गईदुश्मनी भेद खुल गयो रे। लड़कइया.....।

**टेरी**

घाती अकबर मौका पाके भेजा तुरतै फौज सजा कै।

किये चढ़ाई शक्तीसिंह चितौड़ नगरियाँ। कमर....।

**छन्द**

मुगल डटे क्षत्रिया जोधा लड़ते खूनो की धार बहे सना–सन।

खबर लगी राणा जी पहुँचे सेना सजाय जन्म भूमि कारन।

तुरत चली छत्रानी रन में खींच कमान शस्त्र कीन धारन।

लगा निशान शक्ती सिंह गिरगै बोला कपूर नारा जय फौरन।

**धुन**

सोच सोच रानी बोली शक्ती सिंह से बतिया हो।

गिर गये घायल होके वीर हो।

1. सग भाई राणा जी का बना दुश्मनवां बादशाह अकबर से कीहेस मिलनवा।

   राजपुत वीरों के खूनवां बहाये भागै मुगल बे पीर हो।

2. छत्रानी कपूर उनके कोरवा उठाई आखिया में पट्टी बाँध घोड़े पे बैठाई।

सुनो गुप्त रास्ते उनको लै आयी। घायल हो गये शरीर हो।

3. किया घाव पे मलहम पट्टी दवाईया अच्छा हुआ उनका जन्म ए भईया।

देख मोहब्बत शक्ती शरमाये छत्रानी किया ततवीर हो।

**टेरी**

पट्टी आँखों में बंधवायी फिर वहीं सुरंग में आयी।

उनको पहुँचायी झट घेड़े पर सवरियाँ। कमर.....।

**छन्द**

निकल चले है जो शक्ती सिंह कहते। नारी बचाया है प्राण दुख में।

इधर किले पे वो जाकर पहुँचे। थी रानी वो लड़े लिहाज मुख मेंष।

आकार पूछा ऐ शक्ती कहब जाकै छिपै जाकै काहे कवन रूख में।

किधर बनी गुप्त रास्ता असली राणा प्रताप को बताये सूख में।

**धुन**

जानि जानि भेदवा छिपावो न ललनवा।–2

**भौर**

1. तुम भी हकदार हो राणा की राजधानी।
   मगर ठुकरा दिया चढ़ती हुयी जवानी।
   कहे शक्ती राणा से दुश्मनी करारी है।
   मगर न जन्म भूति दुश्मनी हमारी है।
   बनूंगी कलंकी चन्द्रमा सा बदनवां।
   जानि जानि भेदवा छिपावो न ललनवा।–2
2. फिर कहा अकबर बदला चुकाना होगा।
   गुप्त रास्ते का भेद जरूर बताना होगा।

थे शक्ती सिंह बस में बादशाह को डाट दिया।
ले तलवार अपनी जबान काट लिया।
मगर भेद न बताया क्षत्रिय ललनवा।
जानि जानि भेदवा छिपावो न ललनवा।–2

3. सच्चे राजपूत हो अकबर वाह–वाह किया।
वतन के लिए न मरने की वह परवाह किया।
सुनके राणा प्रताप बिछड़ा मेरा भाई है।
छुड़ाने के लिए फौरन किया चढ़ाई है।
वीर शक्तीसिंह को छुड़ा लाये अपने भवनवां।
जानि जानि भेदवा छिपावो न ललनवा।–2

**टैरी**

छत्राणी कपूर उनको हरसायी मिले प्रेम से दोनों भाई।
महानन्द मोती लाल भय शादी की तैयरिया। कमर.....।
उतार–शक्ती सिंह की शादी कपूर से भय भाय।

## झांसी की रानी लक्ष्मीबाई (रचना : शोभनाथ यादव)

काशी की पुत्री, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की वीर गाथा को कवयित्री श्रीमती सुभद्रा कुमारी चौहान ने बच्चों की जुबान पर चढ़ा दिया, दूरदर्शन ने उसे और परवान चढ़ाया। श्री राज कुमार श्रीवास्तव की पुस्तक 'सुराजी रनभेरी' रानी लक्ष्मीबाई के बहुत से लोकगीत हैं जो स्वाधीनता संग्राम में खूब गाया गया। इलाहबाद में श्रीनाथ जी द्वारा लिखा महानंद जी द्वारा गाया बिरहा झांसी की रानी भी खूब गाया गया जिसे आज भी राष्ट्रीय भाव धारा प्रवाहित हो रही है।

हमारे भारत के दरमियान हुये हैं बड़े–बड़े बलवान,
मगर झाँसी की रानी कठिन किया कमाल।

**टेरी**

कसके कमर समर में लड़ी वीर मरदानी क्षत्रानी झाँसी वाली रनियां

**चौक**

सन् 1835 19 नवम्बर का इजहार सुनो
काशी की सुन्दर नगरी में लक्ष्मी का अवतार सुनो,
नाम पिता का मोरो पंत पेशवा के तावेदार सुनो,
माता भागीरथी तीन ही वर्ष में गयी स्वर्ग सिधार सुनो,

**टेरी**

नाना के घर पढ़ती थी नाना के घर खेले,
बरची तीर कृपाण कटारी उसकी बनी सहेली,
अकेले पिता के अपने पुत्री भयी सयानी, क्षत्रानी

**चौक**

झाँसी के महाराज राव गंगाधर ब्याह कराया है,
एक पुत्र पैदा होकर तज करके स्वर्ग पराया है,
पुत्र सोक में झांसी नृपम सुरपुर सुनो तकाया है,
गोद लिया दामोदर राय को रानी के मन भाया है,

**टेरी**

सन् 1856 में राव भैय स्वर्ग के वासी,
लार्ड डलहौज सन् 1957 में किया चढ़ाई झाँसी
सुनके मची उदासी झाँसी की राजधानी, क्षत्रानी

**चौक**

हुक्म दिया लक्ष्मी बाई देरी न जरा लगाओ जी,
झाँसी के नौजवान बहादुर फौरन फौज सजाओ जी,
मैदान करूँगी खुद रण में बुरजो पे तोप चढ़ाओ जी,
आज विदेशी अंग्रेजों को रण से मार भगाओ जी,

**धुन**

तलवार उठा लो हाथों में डंका बजवा दो अभी वीर जवानों
वीरता भारती वीरों के रण में दिखला दो अभी वीर जवानों

1. परवाह जान की करो नहीं समर भूमि से डरो नहीं है,
   आखिर तो एक दिन मरना है तो मौत से वीरों डरो नहीं,
   निज देश की सेवा पे यह खून बहा दो अभी वीर जवानों,
2. सुनके सुरत दिल उछल पड़ा है है राजपूत रणधीरों का,
   क्रोध में दिल अंगार हुआ तब सपथ लिये समसीरों का,
   कहन लगे राजपूत वहाँ पर हमें न डर रणधीरों का,
   पहन के गेरूआ वस्त्र वीर किया मुकाबला वीरों का,
   निज किले ऊपर चढ़कर वीरों झांडा फहरा दो अभी वीर जवानों

**टेरी**

गेरूआ वस्त्र पहन लिए तन पे पोशाक मर्दानी,
बांधे पीठ पे दामोदर राव को चढ़ी अस्व पे रानी,
कर में उठा लिया सुन ले तलवार पुरानी, क्षत्रानी

**चौक**

रणचंडी बनके रानी घोड़े पे होकर सवार चली,
रण क्षेत्र में जाकर पहुँ गयी करती दुश्मन पर वार चली,
रहे हजारो मुगल वहाँ रानी का हाहाकार चली,
रणवीर धीर संघ में लेकर रानी कर जय जयकार चली

**धुन**

अंग्रेजी दुश्मनवा जाके पहुँची उनके समनवा होने लगी लड़इया ना,
जंहवा कलपी का मैदनवा होने लगी लड़इया ना,
धरे हांथ से लगाय लक्ष्मी दोनों हाथ तलवरिया,
सर सर करती वार समर में चमके जैसे बिजुरिया,

कटे दुश्मन के गर्दनवा होने लगी लड़इया ना,

भाग चले हैं मुगल देखकर राजपूतों की टोली,

कहीं चले तलवार सना सन कहीं पे चलती गोली,

काटे गोरन के गर्दनवा होने लगी लड़इया ना,

जैसे किसन हाथ ले हसिया खेत में सनई काटे,

उसी तरह लक्ष्मीबाई गोरन के गर्दन काटे,

भागे डलहौजी बइमनवा होने लगी लड़इया ना,

**टेरी**

बनकर के कप्तान सर डिरोज ललकारा,

करे युद्ध लक्ष्मीबाई बह रही खून की धारा,

दुश्मन बना सेधिया बनकर हिन्दुस्तानी, क्षत्रानी

**चौक**

102 मील तक रानी रण में किया गजब की मार,

आगे पड़ गया एक नाला उधर से दौड़े बहुत सवार,

बढ़ा न घोड़ा आगे दुश्मन पीछे से मारे तलवार,

बाएं अंग के लक्ष्मी का आधा कट गया कपार

**धुन**

जब कटा शीस सीना दहल गयो रे,

गजब भयों प्राण निकल गयों रे

गिरते समय रानी ने प्रभु का नाम लिया,

कोई सरदार जाके लाश उसकी थाम लिया,

गुल मोहम्मद ने चतुराई से काम लिया,

मारने वालों से जो बदला सरेआम लिया,

मारा कट के गरदनवा उछल गये रे गजब भयो,

गुल मोहम्मद ने बदला जबकि डाठ लिया,

मारने वाले गोरों का भी सर काट लिया,

रानी का जान गया खुद का सहारा भी गया,

दामोदर राव पीठ से उतारा भी गया,

रोते लड़के का चेहरा बदल गयो रे गजब,

**टेरी**

रामचन्द्र सरदार सुनो रानी की लाश उठायें

बाबा गंगा दास की कुटिया पर लाश जलाए,

श्रीनाथ महानन्द मोती की अमर कहानी,

क्षत्रानी झाँसी वाली रनिया।

**उतार**

मगर झाँसी की रानी कठिन किया कमाल।

**नेताजी सुभाष चन्द्र बोस (रचना : छक्कन प्रसाद)**

हुआ बागवाँ इस जहाँ में मगर।

गुलशने गुजहजारा हमारो रहेगा।

शहीदी मजारों पे दीपक जलेगा।

अमर नाम दुनिया में प्यारा रहेगा।

अमर नाम दुनिया में कितना है प्यारा।

हरदम चमकता सितारा रहेगा।

जवानों लगादो जय हिन्द का नारा।

अमर ये तिरंगा हमारा रहेगा।

**ग़ज़ल**

थी ब्रिटिश की हुकूमत मेरे देश में।

देश जकड़ा गुलामी की जंजीर में।

जबकि जेल में नेता सुभाष रहे।

बुढ़िया खाना खिलाती थी दलगीर से।

**देवरिया फाग**

माता की प्यारी सुन रेखा कुमारी। एक दिन सवेरे की जूनियाँ।

पूछे माई से बबूनियाँ–2

1. माई रेखा से बतावई बयनवाँ

   नेता सुभाष काटे जेल खनवाँ।

   कइके जतनियाँ सुना चोरा चोरी। लैके जाई दाना पनियाँ।

   पूछे माई से रे बबूनियाँ–2

2. रेखा कहे माई मान कहनवाँ।

   भाई के आज लेके जाबय भोजनवाँ।

   बूढ़ी मयरियाँ के भेसवाँ बनाके। लेके चली दाना पनिया।

   पूछे माई से रे बबूनियाँ।–2

**वार्ता**

लेकिन बूढ़ी माँ रेखा को समझा रही।

**तर्ज**

मेरा ससुरा बड़ा पैसे वाला।

**धुन**

कैसे खुलेगा जेहलिया के ताला।

जहाँ फाटक हैं पहरे वाला। तीन मिला–तीन मिला–तीन मिला।

1. गर कहने न आउँगो फिर पीछे से पछताउगे।

   पहचानेंगे बोली से सूट करेंगे गोली से।

   काम होई जाई गड़बड़ घोटाला।

   है जहाँ फाटक पहरेवाला। तीन मिला–तीन मिला–तीन मिला।

**पूरबी**

जेलिया के ताला तोड़के घुसली भवनियाँ बन्द केवरीया कइके।

भइया के चरनियाँ गिरि धाय बन्द केवरीया कइके।

अबही पापी पहरेदार सब सोई हो।

जगिहै त बहिनी तोहार गति कौन होई हो।

पापी अंग्रेजवा जेकर बंजर के करेजवाँ। बन्द केवरिया कइके।

भइया के कलाई राखी बाँध के बहिनियाँ हो।

देशवा आजाद कइद माँगी थी मगनियाँ हो।

खूनवाँ के टीका दी लगाय बन्द केवरिया कइके।

**धुन**

जेलिया से जातह पराय मोर भइया।

विदइया दयदा बिरना हो।

अपना पोसाक भइया हमके तु दयदा।

साड़ी गहना हमार पहिन ला।

जेलिया से जात भगाय मोरे भइया।

बिदइया दयदा बिरना हो।

**वार्ता**

सुभाष जेल के बाहर निकल गये।

इधर पहरेदार जगे शोर हुआ। सुभाष जेल से फरार वहाँ एक लङत्रकी है।

**आल्हा**

मार मार बेटवा से पूछै निरदइयाँ।

कहा गये सुभाष देतू भेदवा बताय।

हथवा के दोनों काट पूछे अंग्रेजवा।

बर्फ के चट्टनियाम पे दिहे तब लेटाय।

तबो नाय भेदवा बताय मोर रनियाँ।

लीहे पापी दोनों आँख निकाल।

## भगत सिंह

सतलज और झेलम काशा बहती रावी जानो।
चेनावाँ सरिता इन पाचो के बीच बसा मुल्क में पंजाब जानो।
सोलायमपुर जिले में खाशा बंगा गाँव लाजवाब जानो।
सन् 1907 में हरसे सही सितम्बर हिसाब जानो।
धुन–पिता कृशन सिंह के दरबार हो सुघर औतार लिए ललना।
सुनो भगत सिंह सरदार हो सुघर औतार लिए ललना।

1. खुशी भये पिता देख सुन्दर गदेलवाँ।
   करे खुशी से चाची अपटन तेलवा।
   धीरे धीरे भये होशियार हो सुघर औतार लिये ललनवा।
2. खेले लड़ीकन संघ साझ भिनहिया।
   कोई कप्तान बने कोई सिपहिया।
   पढ़ने गये स्कूल में कुमार हो। सुघर औतार ......।
3. नेशनल कॉलेज में इण्टर पास किये हो।
   शादी न करवै इन्कार किये हो।
   भागे कानपुर में उस बार हो सुघर औतार.....।

## टेरी

सन् 1928 में विलाइत वाले ख्वाईस में तिलकहरू.......।
आया जब साईमन कमीशन देखनहरू तिलकहरू बनिके आयो गोरवाँ।

## छन्द

तब कहा तड़प कर वीर भगत निज हैं ब्रह्मचर्य निभावन को।
तुम सार ससुर बन के आवत निश्चय अवतिलक चढ़ावन को।

तिलक वरछा में तुरंत न कहत स्वारज दिलावन को।
तूल लौट जा बब्बा विलाईत नाहकै आवत भरमान को।
धुन—गये रिसियाय हो ससुर तिलकहरू.....।
सुनिके जेठ सार सांडर्स बिगडि गये
बनिके बादशाह मोर ससुरऊ अकड़ि गये
दिये बिलायत में खबर पठाई हो ससुर तिलकहरू.....।
17 अक्टूबर को जलियान बगिय
नेतो की टोली में बरसातइ अगिया
छोड़े नाके नाके पर मशीन गन लगाई हो ससुर तिलकहरू....।
सार सांडर्स चलाई दिये गोलिया
खेले पुलिस पापी खूनो की होलिया
बल्लम चोकि सीनवाँ में लेते उठाई हो ससुर तिलकहरू....।
पेट के बल से मदन लाल को घसीटै
लाला लाज पत राय को लठियन से पीटै
अपने देश खातिर दिये खुनवाँ बहाई हो ससुर तिलकहरू....।

**टेरी**

जलियाँ बाग का बदला प्यारा
लिये भगत सिंह गोली मारा तिलकहरू........।
सार सांडर्स मर गये देख भगे पैरड़हरू तिलकहरू बनिकै......।

**चौक**

लिय लाला लाज पत राय बदला 17 नवम्बर को ईहम
ललकारे भगत शेरे दिल ई सांडर्स के बहनोई हम
लखि रोवई इनकी मेम असल इनको लागे ननदोई हम
लार्ड अरविन देस्वराज मिले इनका दामाद होई हम

**तर्ज**

चलत मुसाफिर मोह लियो रे पिंजरे वाली मुनियाँ।

**धुन**

भारत में जाल बिछाय, गयो रे लंदन वाली मैना

1929 सन् 8 अप्रैल भुलाय गयो रे लंदन वाली मैना

दिल्ली था लार्ड अरविन हत्यारा

बम गोला वीर भगत सिंह ने मारा

सारी असम्बली थर्राई गयो रे लंदन......।

काकोरी काण्ड भी जानता जमाना

लूटे ट्रेन से सरकारी खजाना

चौरी चौरा में पुलिस जलाई गयो रे लंदन......।

बटुकेसर दत्त को कैद किया है आजीवन कारावास दिया है।

केतने का काले पानी पठाई गयो रे लंदन .......।

राजगुरू सुखदेव भगत सिंह दिवाना

कहे मारकर है गारो को भगाना

लाहौर केस में कैद कराई गयो रे लंदन......।

पर्चा लाल छपवा के बाटे है निधड़क गोहाती से कश्मीर तिलक

दिन भर में बाँटे सरमाई गयो रे लंदन वाली मैना।

**ड्यौढ़ी**

सन् 1930 में जानी 7 नवम्बर को लो मानी तिलकहरू.......।

हुक्म फाँसी का सुनाया मजिस्टेट जो पहरू तिलकहरू......।

**भौर**

निश्चय हुआ इन वीरों का पर्छन सुनो राइकल की गोलियों से।

निज बनी हथकड़ी कर कंगन सो रंगे पाँव खून की होलियो से।

निकले भगत सिंह जब दूल्हा बन सजी बारात नेतो की टोलियों से।

निर्भय राजगुरू सुखदेव भगत सब कहार पुलिसो की टोलियो से।

**धुन**

चले हो भगत सिंह दुलहा बनिके डोलिया में
पड़ी पाँव में बेड़ी गर में रेशम की जंजीर
राजगुरू सुखदेव जी सहवाला चले बनिके
पुलिस सार्जन बनि गये बजनिया ले समसीर
गारवन की मेहरिया गरिया गावै हस हस के
बनिके सरहज सढुवाईन फेके ले–ले अबीर
पहुँची जब बरतियाँ जनवासा जेहलिया में।
ताग पाठ न छोड़न पाये नेहरू जी गम्भीर
पऊवा पूजन चले गोरा बनिके कन्या दनिया
लावा परछाई माँगई हिंद की जागीर
पीड़ा समझो फाँसी का झुलनवाँ मड़ये में
खड़ा भये तक्ता पर एकई साथ रणधीर
तीनऊ वीर गाते बन्दे मातरम् का गनवाँ
इन्कलाब जिन्दाबाद का नारा लगाते वीर
सन् 1931 23 मार्च का महिनवाँ खड़ी मौत दुल्हन बनिके दे पीर
देखई जेलर साहब साइत पंडित घड़ी गिन–गिन
7 बजे के 33 मिनट पर हो सुनिये नजीर
खुनवाँ सेन्धुर बाबू छोड़ई मंगिया में।

**धुन**

हँसते हँसते वीर फसिया झूलि गये ना
ओ आजादी के दीवाना जग से हो गये स्वर्ग रवाना
सुनिके रोवई भारत वसिया झूलि गये ना
तबऊ नियत गोरों की खोटी दुष्ट करवाये बोटी बोटी

सुना तीनों वीरों की लसिया झूलि.....।

ले जाके रावी नदी किनारे केराशन तेल छोड़ हत्याारे

जारे आधी रात की मंसिया झूलि......।

हड्डी राख बची जो भाई, दीना बालू तेरे तोपवाई

सुनिके बहय नयन में अंसिया झूलि गये ना।

**टेरी**

मरती समय वीर आजाद करे इन्कलाब जिन्दाबाद

## बिरहा में ताश का खेल और कुछ प्रतीक

अगर खेलना है ताश ज्ञानी लगा के बैठो आस,

ताश का हाल कहो दंगल के आके बीच।

बादशाह यमराज समझ लो, सुन लो इसका बाना जी,

बीबी रूनी का भेद बतावै ओ शायर मरदाना जी।

गुलाम बनके क्यों घूमता, चल साफ करो पैखाना जी,

दहला से हम दर देब, नहीं लेकर चलो मियाना जी।

नवी इन्द्र बन्द एक रेखा, ज्ञान भरे समझाना जी

सात समुन्द्र अड़सठ नदी पार होई के जाना जी।

जिस दम छक्का छूटेगा तेरा, कोई नहीं लगी अपाना जी।

पाँच याद दुश्मन है तेरे, ओही करत कुर्बाना जी।

चार जने मिल कन्धा उठावै, लेकर भये रवाना जी,

तीन कदम पर हमको तुमको, है लाजिम पहुँचाना जी।

दूड़िया से दूनो सुख गयल, तब दूनो आँख ाोड़राना जी

चिड़िया रही जो निकल गई जा जंगल लिया ठिकाना जी।

ईट का महल गिर गया, तब लोग कहै भूत खाना जी,

पान की लाली सुख गयी, तब लोग गया पहचाना जी।

एकी आवै एकी जावै, ना तो माल खजाना जी,

हूकुम से कहते खटाई लाल, काशी के रहने वाला जी।

ताश कहो दंगल के आके बीच, ताश क भउवत इसी कदर से गाना

नहीं तो हमसे हार लिखाना, तुमको नई–नई सिखा के छोड़ब गीत।

**बिरहा वन्दना में ताश**

सुरसती महरानी सभा में सहबै ना हलकानी,

जब तक रहबु कंठवा पर तैयार

एक्की से एक रहे रतन जो,

अभिमन्यु अर्जुन के लाल।

दूड़ी से दो नैन दिये जो सबके अंग का पालन हार।

तिड़ी से तीन रही रानिया, जो राजा दशरथ संग करै बिहार।

चौवा से है चार वेद, जो चारों कोना करते वास।

पंजी से पाँचों पड़वा, जो रण में लड़ गये ललकार।

छक्की से छल किय इन्द्र जी, रानी अहिल्या के साथ।

सत्ता से अड़ गये उसी दम, मारे मंतर बेसुम्मार।

नहला से नर निकल गया, नारी पत्थर भइली उस बार,

दहला से दश कन्धर रावण, अपने कुल क कइलन नाश।

जब तक रहबु कंठबा पर तैयार, तब कहै खटाई गुरु स्वामी जी के चेला।

हमरी बोझल नइया हो कइदा पार।

**बिरहा में पहेली**

कौन रे चिरइया बिन डायनवां के उड़ीरे गइली,

कौन नदियाँ रे बिन जल बढ़ियाय,

कौन रे मरदवा परदेसवा में छाई रे गइलै,
कौन रे तिरियवां सेजिया पर कुम्हीलाय

''प्राण'' रे चिरइया बिन डयनवा के उड़ी रे गइले,
''नयन'' नदिया बिन जल के बढ़ियाय,
''लखन'' जस मरदवा परदेसवा में छाई रे गइले,
''उर्मिला'' तिरियवा सेजिया पर कुम्हिलाय

राह चलत एक बन गयी बात,
बेटवा एक अढ़ाई बाप
माँ कै ब्याह पुत्र कै छठी,
कहो बिधाता कइसे रची
(प्रहलाद गिरी)

**बिरहा में मुहावरा**

राँड़, साँड़, सीढ़ी, संन्यासी, काशी की महिमा अपार,
इनसे बचै त बसै काशी, जहवाँ विश्वनाथ दरबार।

राँड़, साँड़, सीढ़ी, संन्यासी
इनसे बचै त बसै काशी।

भूखे भजन न होय गोपाला,
लेला आपन कंठी माला

बिरहा गीत में 'टेरी'

''पहिले चार कवर जाई भित्तर भइया,
भजनियाँ तब कन्हइया कै होई''

बनलजे क सार बहनोई हो,
जगतिया में कोई नाही अपना।
(बुल्लू यादव)

गैर बन जाते रिश्तेदार जर सब पास होता है,
टूट जाता गरीबों में जो रिश्ता खास होता है।
(बुल्लू यादव)

फूटल किस्मत तब कोई नाही चिन्हेला,
देखेला नाही आपन अब कोई

''ढोल के अन्दर पोल'' जइसे जानै लोकवा,
वइसे गवार करै चतुरन पर वार,
फूटल किस्मतिया वजर करै छतियाँ,
''झूठे का मुँह काला'' होला सरकार,
''बोइबे जवन उहै काटी'' मितवा,
''रेडवा लगवलै ना फूली कचनार'',
''बोइब बबुरवा त आम नाही पइबा''
कंस क गुमान तोरे कृष्ण मुरार,
(रामधारी सिंह यादव)

**अंग्रेज ग्रामर का बिरहा**

कहूँ सभा में गाई, गुरु पद पंकज शीश झुकाई।
ककहरा ग्रामर का इंग्लिश में करु कथन।।

**टेरी**

ऐ ग्रामेटिक वर्ड इज ब्लूमिंग यू नो देन चियर ग्रामर नो
हाऊ एवर इज डीयर।

**चौक**

बैड वर्ड यू फारगेट, लेटर नो फर्स्ट थिंक लाई।
कैपेबुल इस्माइल एन्ड, कैपिटल फस्ट राइट हाई।।
डू, ए, ई, आई, ओ, यू, ईज वावेल वे।
एभ्री लेटर कान्सोनेन्ट बट फाइव।

**उड़ान**

आर नो स्काई, फीयर नो ज्वाइंट सब लेटर
इज वर्ड नो सिंगिंग, गैड वर्ड ऐट पार्ट हैज।
नो हवाट आर स्पिरिंग, ग्रामर नो हाऊ एभर इज डियर
होल्ड यू नाउन एण्ड प्रोनाउन बट सम नियर
ग्रामर नो हाऊ
इन द वर्ड इज वर्ण एण्ड, एण्डजेक्टिव सब इज सेचुएशन
जग्लर इज जम्पिंग इन जर्सी, दैट काल्ड प्रीपोजिशन।।
कर्नल एडवर्ब कोलिंग बट, अदर काल्ड नो कंजक्शन।
सम लेटर इज रिटेन मिस्टर, बनली फार इण्टरजेक्शन।

**उड़ान**

मेम्बर, नम्बर, जेण्डर परसन, कफ्रा हैज ओ नाउन,
नाउन इज रीडिंग मी नेम, बट कमिंग प्रोनाउन।।
ओल्ड प्रोनाउन इन इस्टेड ऑफ नाउन, प्रोनाउन बट पार्ट हैज–

फाइव नो जेन्टिल मैन, ऐज दी वर्ब इज देन।
कनिंग हियर नो माई डियर, क्वैरल मैडम कुड नो वर्क,
इज रीडिंग मी ओनली, जस्ट इज चर्च ग्रेइंग नीयर
नीयर वर्क नो माई डियर, रिमेम्बर वर्ब हैज टू पार्ट।
इज मेकिंग मी ओनली आर्ट, टेन्स नो टूवेल्स आर कालिंग
केयर नो माई डियर। ग्रामर
सेण्ड मी ऐडजेक्टिव आफ नाउन, परशन वोट एण्ड प्रोनाउन।
वैडनश, गुडनेश इज कालिंग, फियर नो माई डियर

**उ.** टू नाउन प्रोनाउन ज्वाइन प्रीपोजीशन ओनली (प्लस)
अन्टिल कान्जक्शन आडिग सम वर्ड आर फेयर ग्रामर
वरच्यू एडवर्ड क्लियरिंग दी वर्ब नो वीयर ग्रामर
नो हाऊ
विपिंग सच इण्टर जेक्शन, इज मेकिंग सिपरजशन डाउन।
जीलो निट नो टू दी ऐज, इज मेकिंग सिपरजशन माइन।
एट दी कम्पटीटर्स हाल्बी, बट लकली सेचुएशन ज्वाइन।
यू शो मी गुरु बिहारी, गुरु गनेश ओनली शाइन।
टू दी ऐण्ड गोइंग दिस सांग, बट गुरु पुजारी थालिंग
आल ओमनी जेण्डर ग्रामर, रामलाल गुरु कालिंग।
ग्रामर नो हाऊ एभर इज डियर,
फ्रान्टियर लैण्ड किप कवि रामव्रत यू हीयर–
ग्रामर नो हाऊ
परफारमिंग सांग सिंग डाक्टर मन्नू कमपीयर ग्रामर

## हिन्दी वर्णमाला का बिरहा

'क' से कमल कबूतर पढ़ो चलो स्कूल ये बच्चो,

‘ख’ खरगोश खेत चर जाता इसको लो पहचान,
‘ग’ गमला में गुलमेंहदी गेंदा संग तोड़ै तान,
‘घ’ से घड़ी बताती समय न जाना भूल ये बच्चों,
‘ङ’ माने शून्य पढ़ो अब, च से चन्दा मामा,
‘छ’ से छत पर छाता लेकर टहरै दद्दू रामा,
‘ज’ से जहाज उड़ा लो करके मन में कबूल ये बच्चो,
‘झ’ झरना से झर–झर–झर निर्झर झरता पानी,
‘ञ’ माने शून्य पढ़ो आगे की सुनो कहानी,
‘ट’ से टाट बिछाओ ले जाओ स्टूल ये बच्चो,
‘ठ’ ठठेरा बैठ बनाता बर्तन लोटा थाली,
‘ड’ डलिया में फूल सजा कर सुबह निकलता माली,
‘ढ’ ढक्कन से ढक कर रक्खो भोजन कुल ये बच्चो,
‘ण’ माने कुछ नाहीं ‘त’ से जानो तलवार,
‘थ’ थान से दूध निकाले ग्वाला और सरदार,
‘द’ से दवात में स्याही कर रखो फुल ये बच्चो,
‘ध’ धनुष पर बाण चढ़ाओ भारत माँ के वीर,
‘न’ नल से निर्मल जल पी–कर बन जाओ रणधीर,
‘प’ से पतंग उड़ाने में ना जाना भूल ये बच्चो,
‘फ’ फावड़ा से बच्चो फुलवारी अपनी बनाओ,
‘ब’ से बकरी चर ना जाये अपना बाग बचाओ,
‘भ’ से भालू नाचै उड़ा उड़ा के धूल ये बच्चो,
‘म’ मन्दिर में मन्त्र गूँजता होता मंगल चार,
‘य’ से यज्ञ–हवन–पूजन से मानव का उद्धार,
‘र’ रथ पर काँधा अर्जुन को बताये मूल ये बच्चो,
‘ल’ से लट्टू नचा–नचा फिर करना लाल पढ़ाई,

‘व’ से वकील बनकर करना जनता की तू भलाई,
‘श’ से शरीफा सम शीतल रखो वसूल ये बच्चो,
‘ष’ षट्कोण में रंग सजाओ अलग–अलग दर्शाके,
‘स’ सपेरा नाच नचाये सर्प, गाँव में लाके
‘ह’ से हल चलाते कृषक खेत खरखूल ये बच्चो,
‘क्ष’ से क्षत्रिय क्षत्राणी से लड़े समर में ढाल,
‘त्र’ त्रिशूल त्रिकालेश्वर ले राक्षसन काल,
‘त्र’ से अड़भंगी बमभोले का त्रिशूल ये बच्चो,
‘ज्ञ’ से ज्ञानी ज्ञान बताते बच्चों ध्यान लगाओ
‘क’ से ‘ज्ञ’ तक का ककहरा रट के ज्ञान बढ़ाओ।
डॉ. मन्नू माली तू बगिया के फूल ये बच्चो।

(डॉ0 मन्नू लाल यादव)

**बीजगणित का बिरहा**

सुनिये करके ख्याल पूरा कर दूँ अभी सवाल, प्रश्न है बीजगणित का उसका सुनो जवाब।

**टेरी**

जानै वही सही अलजबरा के पढ़वइया कवितइया बीजगणित की सुनो।

**चौ.**

गुरु गणेश गौरी पति शंकर शारद को शीश झुका के,
गणित की शाखा बीजगणित है सुनिये ध्यान लगाके।
बीज गणित का कठिन है गाना कहूँ समा के गाके।
बीज गणित अंक गणित का कहूँ भूद समझाके।।

**उड़ान**

अंक गणित में अंक रहे और बीज गणित में अक्षर

अक्षर का मान समान नहीं है अलग, है दर–दर ''कवि''

मान अक्षर का अंक में आवै सुना सुनवइया ''कवि''

**चौ.**

धन, ऋण, गुणा, भाग बराबर किया चिह्न का ज्ञान रहे।

जैसे जोड़े अंकगणित वैसे इसका भी ध्यान रहे।।

लेकिन समझो दोनों के घटाने में फर्क महान रहे।

ऊपर का चिह्न ज्यों–ज्यों रहता यही सही पहचान रहे।।

**उड़ान**

लेकिन नीचे का चिह्न बदलता यही समझ गुणखानी।

धन का ऋणा और ऋण का धन हो जाता है सुन ज्ञानी। कवि.

नियम अब गुणा भाग का समझो चतुर गवइया।। कवि.

**चौ.**

ऋण का गुणा जब धन से करते जवाब ऋण बन जाता है।

धन का गुणा जब धन से करते जवाब धन ही आता है।

ऋण का गुणा, जब ऋण में करते जवाब धन कहलाता है।

छोटा, बड़ा, टेढ़ा, सिंगल कवि चारों कोष्ठ गिनाता है।

**उड़ान**

पहले सिंगल कोष्ठ तोड़िये फिर छोटे की बारी,

इसके बाद टेढ़ा तब बड़का तोड़ो नियम है जारी।। कवि.

अब आगे एक उदाहरण समझा मोरे भइया।। कवि.

**चौ.**

सोहन की आयु मोहन की आयु 6 गुनी बड़ी है सुनिये वर्णन।

33 साल पहले सोहन की वही आयु रहली सज्जन।

जो कि 28 वर्ष बाद मोहन की आयु होगी गायन।

दोनों की आयु ज्ञात करो सुनके उदाहरण सही कथन।

**उड़ान**

उदाहरण सुन मान लिया अब 18 वर्ष की मोहन

6 गुना 18 का सुनो सुजन 6 वर्ष 18 के सोहन कवि.

समझो सही नियम जो लिखते लेखनिया—कवि.

**चौ.**

33 वर्ष पहले सोहन की आयु सुनो सज्जन गुणवान।

6 यक्स वर्ष ऋण 32 वर्ष की रही उमरिया लिजै मानो।

और 28 वर्ष बाद मोहन की आयु लीजै मान।

अतः यक्स धन 28 साल की होगी यही सही पहचान।

**उड़ान**

इसलिए अब समीकरण को सुन लीजै तत्काल।

6 यैक्स ऋण 32 बराबर 6 येक्स धन साल कवि.

अंक अक्षर कै अलगे अलगे करा जुदइया—कवि.

**चौ.**

6 येक्स ऋण यक्स बराबर 28 धन 32 को पाया है।

6 येक्स से येक्स निकाला बाकी 5 येक्स कहलाया है।

28 धन 32 को जोड़ा 60 योग फल आया है।

5 येक्स का मान बराबर 60 अंक कवि गाया है।

**उड़ान**

इसलिए अब एक एक्स का मान समझिये ज्ञानी।

60 के भागे 5 येक्स तो 12 लेब भजन फल मानी कवि.

12 वर्ष के मोहन रहलै ओही समझया—कवि.

**चौ.**

6 गुनी उम्र मोहन की उम्र की रही सुनो तत्काल।

इसलिए मोहन की उम्र में 6 का गुण करो कहता है सवाल

12 गुणते 6 का गुणनफल बहत्तर है कइला ख्याल।

उत्तर 12 वर्ष के मोहन सोहन की उमर बहत्तर साल।

**उड़ान**

गुरु स्वामी के शिष्य बिहारी गुरु गणेश कवि राज।

बीजगणित का ज्ञान गहते सुन्दर दीपराज क.

कहते श्री रामधारी जतिया के जदुरइया क.

**DVD No. : 2, 3, 4, 5, 6, 7**

**विविध संदर्भों हेतु**